

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना   वर्ष-13, अंक -303 जबलपुर, गुरुवार 02 जनवरी 2025   कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8   संपादक अरुण श्रीवास्तव


## अब मुख्यमंत्री मोहन यादव लगाएगें जनता दरबार

### नए साल में 6 जनवरी से होगी शुरुआत



भोपाल.(आरएनएस)। एमपी में अब सीएम मोहन यादव जनता दरबार लगाएगें. जनता दरबार के जरिए लोगों की समस्याओं का समाधान होगा, पहला जनता दरबाद 6 जनवरी से लगाने की तैयारी की जा रही है. मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है.

मुख्यमंत्री मोहन यादव की इस पहल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी जोड़कर देखा जा रहा है. सीएम योगी यूपी में जनता दरबार लगाते हैं. जिसे जनता दर्शन नाम दिया गया है. योगी का दरबार काफी लोकप्रिय है. मध्यप्रदेश में इससे पहले दिग्विजय सिंह, उमा भारती व शिवराज भी जनता की शिकायतें सुनते रहे हैं. मुख्यमंत्री मोहन यादव का जनता दरबार पूर्व मुख्यमंत्रियों के दरबार से कितना अलग होगा. लोगों की शिकायतों को सुनने का क्या सिस्टम रहेगा.

हालांकि अभी तक मिली खबरों के अनुसार सीएम मोहन यादव दो घंटे तक लोगों से मुलाकात करेगें. मोहन सरकार के पहले जनता दरबार का आयोजन 6 जनवरी को आयोजित करने की तैयारी है. मुख्यमंत्री आवास पर सीएम डॉक्टर मोहन यादव सुबह 10 से 12 बजे तक लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे. मुख्यमंत्री के पास पहले से ही जो शिकायतें पहुंची हैं उन्हीं में से स्क्रूटनी की जाएगी. दरबार में ट्रांसफर-पोस्टिंग के आवेदन नहीं लिए जाएंगे. बीमार, जरूरतमंदों के आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी. इसमें 500 से 600 लोगों के आने की संभावना है. पहले जनता दरबार के फीडबैक के आधार पर कुछ संशोधन होंगे. जैसे हर बार दरबार क्या सोमवार को ही लगेगा, शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होगी या नहीं. कितने लोगों का शामिल किया जाएगा. इन सभी बिंदुओं पर फैसला लिया जाएगा.

**दो घंटे सुनेंगे लोगों की समस्याएं**

नव वर्ष में मुख्यमंत्री यादव नई पहल करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव दो घंटे तक आमजन से मुलाकात करेंगे। इसके पीछे सरकार मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान सीधे तौर पर किया जा सके।

सुबह 10 से 12 बजे तक लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुनेंगे। बीमार, जरूरतमंदों के आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, जिन लोगों की शिकायतें हैं, उनके आवेदनों को शामिल कर मुख्यमंत्री से मिलने के लिए बुलाया जाएगा।

**योजनाओं के लाभार्थी भी मिलेंगे**

मुख्यमंत्री के एक वर्ष के कार्यकाल में सरकार की योजनाओं के लाभान्वित आमजन भी मुख्यमंत्री से मिलकर उनका आभार व्यक्त करेंगे। सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ता जिनकी समस्या का निराकरण हुआ है, वे भी मुख्यमंत्री से मिलकर उनका धन्यवाद देंगे।

**उमा और दिग्विजय का जनता दरबार**

मध्य प्रदेश में पूर्व सीएम उमा भारती और दिग्विजय सिंह ने अपने कार्यकाल में जनता दरबार का आयोजन किया था। उमा भारती ने 2003 में सीएम हाउस में समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनता दरबार शुरू किया, जो भीड़ के कारण बंद करना पड़ा। दिग्विजय सिंह भी अपने कार्यकाल के दौरान जनता दरबार लगाते थे।

### वेयरहाउसिंग के प्रबंधक आरडी शर्मा के खुदकुशी का मामला

## भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपये का इनाम



रतलाम (आरएनएस)। मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लाजीस्टिक कॉरपोरेशन की आलोट शाखा के प्रबंधक आरडी शर्मा द्वारा खुदकुशी करने के मामले के आरोपित भाजपा नेता मनोज काला व जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश परमार को पुलिस 17 दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

घटना के बाद से दोनों नेता गायब हैं। पुलिस ने उनकी कई जगह तलाश की लेकिन वे नहीं मिले। एसपी अमित कुमार ने दोनों की गिरफ्तारी पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

प्रबंधक रामदास शर्मा ने 14 दिसंबर 2024 को सुबह आलोट स्थित किराये के मकान में जहर खा लिया था तथा कर्मचारियों को फोन कर बुलाया था। कर्मचारियों ने उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उज्जैन के एक निजी अस्पताल ले गए थे, जहां रात करीब आठ बजे उनकी मौत हो गई थी।

सुसाइड नोट में शर्मा ने श्रीनाथ वेयरहाउस ताल के संचालक व भाजपा नेता मनोज काला तथा कृष्णा एग्रो सर्विसेज ताल के संचालक राजेश परमार को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। साथ ही लिखा था कि वे एक वर्ष से मानसिक रूप परेशान है तथा काला व परमार ने गोदामों में रखा स्टाक गायब कर दिया है। पुलिस ने काला व परमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला दर्ज किया था।

**अधिकारियों ने की जांच, अनाज कम मिला**

ताल नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश परमार ने आरडी शर्मा के सुसाइड नोट की निष्पक्ष जांच की मांग की, जिसमें हस्ताक्षरों में भिन्नता का दावा किया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस का संचालन उनके भतीजे सौरभ द्वारा होता है और राजेश परमार ने आठ माह से शर्मा से कोई बात नहीं की।

उनके के अनुसार, वेयरहाउस में उपज की कमी की जवाबदारी संचालक की होती है। परमार ने मामले की जांच में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है। निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। मनोज काला व राजेश परमार की तलाश की गई लेकिन वे नहींव मिले। उनके मोबाइल फोन बंद है। उनकी तलाश की जा रही है।

## महाराष्ट्र झड़प-मंत्री के परिवार को ले जा रही गाड़ी के हॉर्न पर दो गुटों में झड़प, पत्थरबाजी कर दुकानों में लगाई आग, इलाके में कर्फ्यू लागू

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र के जलगांव में दो गुटों के बीच भारी झड़प की खबर सामने आई है। झड़प के वक्त दुकानों में आग लगाई गई और पत्थरबाजी भी हुई। जिसके बाद पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए दर्जनों लोगों पर केस दर्ज किया है। वहीं, कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। जलगांव के एएसपी कविता नेरकर ने जानकारी दी कि, इलाके में बुधवार (1 जनवरी) शाम तक कर्फ्यू लागू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, शिवसेना के मंत्री गुलाब राव पाटिल के परिवार को ले जा रही गाड़ी के ड्राइवर ने हॉर्न बजाया जिससे लोग भड़क गए। इसके बाद ग्रामीणों और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तू तू-मैं मैं शुरू हुई। वहीं, गुस्साई भीड़ ने पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं बल्कि, गाड़ियों के साथ-साथ दुकानों में भी आग लगा डाली। बता दें, जलगांव जिले के पलाधी गांव में मंगलवार रात पत्थरबाजी और आगजनी की घटना हुई। पुलिस बताया जा रहा है कि जलगांव के पलाधी में इस समय तक 12-15 दुकानों को आग के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ने लगभग 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। जबकि, करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, सुरक्षा को बरकरार रखने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। इलाके में आज शाम तक कर्फ्यू का एलान कर दिया गया है।



महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार को दो समूहों के बीच झड़प हो गई जब राज्य मंत्री गुलाबराव पाटिल के ड्राइवर ने कार का हॉर्न बजाया जिससे पलाधी गांव के स्थानीय लोग परेशान हो गए। यह विवाद तब शुरू हुआ जब शिवसेना मंत्री के परिवार को ले जा रहे एक ड्राइवर ने कार का हॉर्न बजा दिया। ग्रामीणों और पार्टी समर्थकों के बीच विवाद हुआ जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने पथराव किया और दुकानों और वाहनों में आग लगा दी।

घटना के बाद जिले में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किये गये और करीब 25 लोगों पर मामला दर्ज किया गया और 10 को हिरासत में लिया गया। जलगांव की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कविता नेरकर ने कहा कि जिले में गुरुवार शाम छह बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात धरान गांव थाने के पारदा गांव में दो गुटों के बीच मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गयी, जिसमें कुछ दुकानों में आग लगा दी गयी। इसलिए हमने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह घटना आंतरिक विवाद के कारण हुई, 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्रामीणों से अपील है कि वे कानून के खिलाफ न जाएं और शांति बनाए रखें। महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी एवं बीड जिले में एक सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में वांछित वाल्मीक कराड ने मंगलवार को पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में किसी भी प्रकार का ''गुंडा राज'' बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वहीं विपक्षी दलों ने तीन सप्ताह तक कराड को पकड़ने में पुलिस की विफलता पर सवाल उठाये।

## गुजरात- हजीरा की कंपनी में आग से 4 कर्मचारियों की मौत

सूरत. (आरएनएस)। साल के आखिरी दिन गुजरात में सूरत जिले के हजीरा में एक बड़ा हादसा हो गया. यहां कंपनी के प्लांट में आग लगने से एक सुपरवाइजर समेत 4 ठेका कर्मचारियों की मौत हो गई. एक घायल कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है. हजीरा स्थित ऋहृस् कंपनी के कोरेक्स-2 प्लांट में मंगलवार की शाम को भीषण आग लग गई. सूरत के हजीरा स्थित ऋहृस् कंपनी के कोरेक्स-2 प्लांट में अचानक आग लग गई. इस प्लांट में लिक्विड मेटल बनाने की प्रक्रिया होती है. आग टु इयर प्लेटफॉर्म से शुरू होकर लिफ्ट तक पहुंच गई थी. इससे लिफ्ट में फंसे 4 कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई,

## मोदी सरकार का नए साल में बड़ा तोहफा, पहली कैबिनेट बैठक में किसानों को दी ये सौगात

नई दिल्ली.(आरएनएस)। नये साल के पहले दिन केंद्र की मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक हुई. बैठक में सरकार ने किसानों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए. सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर बनाने वाले कंपनियों के लिए स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी है. सरकार कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त वित्तीय मदद भी करेगी. सरकार ने इस पैकेज को 31 दिसंबर 2025 तक के लिए मंजूरी दी है. इसके अलावा फसल बीमा योजना को किसानों के लिए आकर्षक बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी भी मिली है.



बता दें कि भारत अपनी कुल डीएपी मांग का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है. आयात मुख्य रूप से चीन, सऊदी अरब और मोरक्को जैसे देशों से किया जाता है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमत बढ़ने के कारण डीएपी की लागत में वृद्धि होती है. ऐसे में सरकार किसानों को राहत देने के लिए सब्सिडी प्रदान करती है. फसल बीमा योजना को आसान बनाने के लिए उसके नियम और कानून को संशोधित किया जाएगा. सस्ते दर पर और आसान नियम के तहत फसलों का बीमा हो पाए इसकी व्यवस्था होगी.


## भारत-पाकिस्तान ने की परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान, विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

नई दिल्ली.(आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया. यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच एक समझौते के तहत किया गया है. यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से रोकता है और यह तीन दशकों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है. विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बताया कि यह आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले को रोकने के समझौते के तहत किया गया.



## मोहन भागवत की टिप्पणी से उठे विवाद को संघ मुखपत्र पांचजन्य ने शांत करने का किया प्रयास

नई दिल्ली-(आरएनएस)। आरएसएस प्रमुख ने देशभर में नये मंदिर-मस्जिद विवाद उठने पर हाल ही में चिंता जताई थी। उनकी इस टिप्पणी पर खूब बवाल हुआ था। साधु-संत तो खुलकर इस टिप्पणी के विरोध में उतर आये थे। भाजपा नेताओं से भी इस मुद्दे पर कुछ बोलते नहीं बन रहा था। खुद संघ के नेता भी सकते में थे कि इस संकट का हल कैसे निकाला जाये। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े एक हिंदी साप्ताहिक ने अपने संपादकीय में भागवत के बयान से उपजे विवाद को शांत करने का प्रयास किया है। हम आपको बता दें कि संपादकीय में कहा गया है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत की हालिया टिप्पणी समाज से एक समझदारी भरा रुख अपनाने का स्पष्ट आह्वान है। संपादकीय ने इस मुद्दे पर अनावश्यक बहस और भ्रामक प्रचार के प्रति भी आगाह किया है। हम आपको याद दिला दें कि उन्नीस दिसंबर को पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारतः विश्वगुरु विषय पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने समावेशी समाज की वकालत की और कहा था कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि भारत सद्भाव के साथ रह सकता है।



## लखनऊ के होटल में दिल दहला देने वाली वारदात- 5 लोगों की हत्या, आरोपी बेटा गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ में बुधवार सुबह एक भयानक घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया। नाका क्षेत्र के होटल शरनजीत में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी की पहचान अरशद (24) के रूप में हुई है। अरशद ने अपनी मां अस्मा और चार बहनों - आलिया (9), अलशिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) की कथित तौर पर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घरेलू विवाद के कारण अरशद ने इस दर्दनाक घटना को अंजाम दिया। वह आगरा का रहने वाला है और कुछ समय से परिवार के साथ अनबन चल रही थी।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले नीतीश के मंत्री को ऑटो ने मारी टक्कर, 4 बॉडीगार्ड भी घायल

सहरसा.(आरएनएस)। बिहार के सहरसा जिले में 1 जनवरी की सुबह मंत्री रत्नेश सदा को एक ऑटो ने टक्कर मार दी है. इस हादसे में रत्नेश सदा सहित उनके चार बॉडीगार्डों को चोटें आई हैं. सभी घायल सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं.

रत्नेश सदा, जो कि मद्य निषेध विभाग के मंत्री हैं, अपने पैतृक गांव लौटने के बाद सुबह के समय अपने बॉडीगार्ड के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे. इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनके वाहन को रौंद दिया. इस टक्कर में मंत्री रत्नेश सदा और उनके चार बॉडीगार्ड घायल हो गए. घटना के तुरंत बाद सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत पहले से बेहतर है. रत्नेश सदा का इलाज सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया है. हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है. इसके अलावा, ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है. पुलिस जांच में लगा हुआ है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी.



## नए साल का सरकार ने दिया तोहफा! सिलेंडर के दाम में कटौती



इंदौर (आरएनएस)। नया साल एलपीजी ग्राहकों के लिए खुशखबरी लेकर आया है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतें साल के पहले दिन सस्ते हो गए हैं। दिल्ली से मुंबई तक और कोलकाता से चेन्नई तक सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये 50 पैसे की कटौती की गई है।

आपको बता दें कि 14 किलोग्राम वाले खाने बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले घरेलू रसोई सिलेंडर की कीमत उतनी ही है। यह कटौती 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई है। दिल्ली में 1 दिसंबर को 19 किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1818.50 रुपये थी, जो कि अब 1804 रुपये में उपलब्ध होगा। इसमें सीधे यानी 14.5 रुपये की कमी आई है। मुंबई में भी 19 किलो के सिलेंडर की कीमत 1771 रुपये से घटकर 1756 रुपये हो गई है। यहां कॉमर्शियल सिलेंडर 15 रुपये सस्ता हो गया है। कोलकाता में सबसे अधिक 16 रुपये की राहत मिली है।

### श्रीलंका की जेल में बंद 20 भारतीय मछुआरे को किया रिहा, स्वदेश लौटे

चेन्नई. श्रीलंका की जेलों से रिहा किए गए 20 भारतीय मछुआरे विमान से चेन्नई पहुंच गए हैं. मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था. वे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई, रामनाथपुरम और तूतूकुड़ी जिलों के निवासी हैं और श्रीलंका की जेलों में थे.

भारत और श्रीलंका सरकार के बीच बातचीत के बाद श्रीलंका ने 20 मछुआरों को रिहा कर दिया. उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए.

### विजयवर्गीय बोले- जनप्रतिनिधि संतुष्ट नहीं तो कचरा नहीं आएगा-मंत्री शाह ने कहा जिसे आपत्ति है, वह न्यायालय में चला जाए

## यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्रियों में मतभेद

इंदौर (आरएनएस)। यूनियन कार्बाइड का 337 टन जहरीला कचरा निस्तारण के लिए भोपाल से पीथमपुर लाने की कवायद के बीच नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर या पीथमपुर की सेहत के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे।

जब तक जनप्रतिनिधि इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाते कि इस कचरे से नागरिकों के स्वास्थ्य को कोई हानि नहीं है, तब तक इसे पीथमपुर नहीं आने देंगे। वहीं गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री विजय शाह का कहना है कि यह प्रक्रिया न्यायालय के आदेश पर पूरी की जा रही है।



जिसे भी आपत्ति हो, वह न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखे। इधर, कचरा शिफ्टिंग के विरुद्ध हाई कोर्ट में एमजीएम मेडिकल कालेज एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से याचिका दायर करने वाले अभिनव धनोतकर ने आरोप लगाया कि जिन ट्रकों के जरिये कचरा शिफ्ट किया जाना है, सरकार ने उनके नंबर हाई कोर्ट में दिए थे, लेकिन जहरीला कचरा दूसरे ट्रकों में भर दिया गया। जिनमें कचरा भरा गया है, उन ट्रकों के नंबर अलग हैं।

इधर गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री विजय शाह का कहना है कि कचरा निष्पादन की कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश पर की जा रही है।

आदेश का पालन करते हुए ही अधिकारी कार्य में जुटे हैं। इसमें केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम भी शामिल है। अब अगर किसी को इस प्रक्रिया पर आपत्ति है तो वह न्यायालय के समक्ष जा सकता है।

**उच्च न्यायालय के आदेश पर कचरा ले जा रहे**

उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में कचरे का निष्पादन किया जा रहा है। इस पर यदि किसी को आपत्ति है तो वह अपना पक्ष उच्च न्यायालय के समक्ष रख सकता है। यूका का कचरा उठाकर पीथमपुर पहुंचाने की पूरी कवायद उच्च न्यायालय के आदेश पर की जा रही है। - स्वतंत्र कुमार सिंह, संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग, भोपाल




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना रांझी में रात्रि सुमित केवट उम्र 18 वर्ष निवासी मड़ई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेलदारी करता है शाम लगभग 5-30 बजे काम से घर वापस आया था, मड़ई स्कूल शिव मंदिर के सामने चायनीज के ठेले के पास चायनीज खा रहा था शाम लगभग 6 बजे कांचीपुरम कालोनी रांझी निवासी संगम बर्मन आकर बोला कि तु बहुत गुण्डा बन रहा है मेरे भाई से क्यों विवाद कर रहा था, उसने कहा कि काम की बातीचत हुयी थी विवाद नहीं हुआ था इसी बात को लेकर संगम बर्मन उसके साथ गाली गलौज करने लगा,

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने मुख्यालय की राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का किया विमोचन




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे के संरक्षण एवं श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे पर भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी एवं कारगर अनुपालन किया जा रहा है। इस दिशा में नव वर्ष के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का विमोचन श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कर कमलों से किया गया।

इस राजभाषा मार्गदर्शिका में राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, नियम, गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर लागू विभिन्न राजभाषा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाओं सहित रेल कार्यालयों के विभागीय निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी निरीक्षण चैक लिस्ट का भी प्रकाशन किया गया है। इस मार्गदर्शिका में रेल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी कामकाज का विवरण भी दर्ज कर सकते हैं।

इस अवसर पर श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, श्री प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस में स्थाई तौर पर 05 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए

जबलपुर । रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 12198/12197 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में स्थाई तौर पर दिनांक 01.01.2025 से 05 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से जोड़े गए हैं।

इस परिवर्तन के बाद गाड़ी में 02 वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी, 01 कुर्सीयान श्रेणी, 16 सामान्य श्रेणी सहित कुल 21 कोच रहेंगे। यात्री लगाए गए इस अतिरिक्त कोच का लाभ उठाए।

## आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति और दुकानदार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता प्रावधानों के अंतर्गत की जायेगी कार्यवाही - कलेक्टर दीपक सक्सेना

**जनहित को ध्यान में रखते हुए कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, साल्यूशन क्रीम और थिनर जैसे उत्पादों के विक्रय, उपयोग आदि पर रोक लगाने कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वास्थ्य के प्रति सजगता और जनहित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जबलपुर दीपक सक्सेना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् सम्पूर्ण जिले के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने आदेश में उल्लेखित किया है कि कम उम्र के बच्चों द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीन एवं थिनर जैसे उत्पादों का उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है, जो सामान्य उपयोग की वस्तुएँ होने से आसानी से बाजार में सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा है कि कम उम्र के बच्चों द्वारा अज्ञानतावश उक्त उपयोग की वस्तुओं का नशे के रूप में उपयोग किया एक आम समस्या होती जा रही है, जिसके दुष्परिणाम बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा के उत्पन्न हो रहा है। नाबालिग एवं कम उम्र के बच्चों को उक्त नशे का आदि बनाया जाकर अपराध की दिशा में भी अन्य लोगों द्वारा दिग्भ्रमित किये जाने की पूर्ण संभावना रहती है, जिस कारण से नाबालिग बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव सड़क दुर्घटना से मृत्यु एवं जनहानि एवं अपराधिक गतिविधियों की संभावनाएँ होती है। यदि इस जारी आदेश के उपरांत कोई व्यक्ति एवं दुकानदार आदेश का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने जारी आदेश में कहा है कि इस पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसमें जबलपुर जिले में कोई भी दुकानदार कॉरेक्स कफ सिरप पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिस्क्रिप्शन के बिना विक्रय नहीं करेगें, कोई भी दुकानदार बोनफिक्स, व्हाइटनर एवं वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम जैसे उत्पाद सामग्री का नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा, कोई भी दुकानदार थिनर (सामान्यतया रंगों के साथ उपयोग किये जाने वाला उत्पाद) सामग्री नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा।

## भक्त की संगति ही आसक्ति से दूर कर सकती है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान राम का यश ही भरत जी का यश है, और भरत जी का चरित्र ही भगवान राम का यश है, इसको साधक तब तक नहीं समझ पायेगा, तब तक वह स्वयं अपने मन को साफ़ नहीं कर लेता है। उपरोक्त उद्गार भरत सरिस को राम सनेही प्रवचन माला में पं. उमाशंकर शर्मा जी व्यास ने महेश भवन गोपालबाग में रामायणम जबलपुर द्वारा आयोजित श्री राम चरित मानस परायण ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस व्यक्त किये।

महाराज जी ने बताया कि एक विचित्र बात रामायण में आती है कि जितने बुरे पात्र हैं, उन सबको किसी न किसी देवी-देवता का वरदान प्राप्त है, चाहे मेघनाथ हो, चाहे रावण हो, चाहे कुंभकर्ण हो, सबको वरदान मिला और जबकि दूसरी तरफ नारद ने विष्णु भगवान को शाप दे दिया, हनुमान को ऋषियों ने शाप दे दिया, नल-नील को ऋषियों ने शाप दे दिया, लेकिन बात बिल्कुल उल्टी हो गई। जिनको वरदान मिला, उनकी तो गिनती दुष्टों में हो गई और जिनको शाप मिला, उनकी पूजा होने लगी। यही जीवन की कला है। कई लोग वरदान को भी शाप बना लेते हैं और कई लोग कला में इतने निपुण होते हैं कि शाप को भी वरदान बना लेते हैं। महाराज जी ने बतलाया कि आसक्ति क्या है? अयोध्या में आसक्ति मंथरा ने जगाई जब तक भरत जी अयोध्या में थे तब तक केकई राम जी के साथ थी। जैसे ही मंथरा आयी मन में आसक्ति उत्पन्न हो गई आशय यही है कि जब तक भरत रूपी भक्त की संगति रहेगी तब तक भगवान में मन लगा रहेगा और जैसे ही मंथरा रूपी आसक्ति आएगी भगवान से भी आसक्ति हो जाएगी। महाराज जी ने कहा कि जिनके थोड़े से आनंद से बाकी लोग आनंदित हो जाये वही राम है। आनंद तो आप का स्वरुप है प्रकट होने के माध्यम अलग-अलग है। किसी को भोजन में, किसी को पूजन में, किसी को जप में, सबके माध्यम तो अलग है, जहा अपेक्षा समाप्त होगी, आनंद वही से आएगा। आनंद की अनुभूति भी होती है और भ्रांति भी। राम नाम से ही आनंद की उत्पत्ति होती है। जो सबको साथ लेकर चले, जो सब का भरण-पोषण करें उसी का नाम भरत है। श्री राम सरकार एवं महाराज श्री का पूजन सर्व श्री मेवालाल छिरोलया, अभिलाष पांडेय, केदारनाथ शर्मा, अशोक मनोध्या, शरद दुबे, लोकराम कोरी, राजेश नेमा, जनार्दन शुक्ला, पी सी चांडक, मुरली मनोहर पचौरी, बासुदेव सावल खत्री, डॉ गोविंद नेमा, हिमांशु पटवा, शुभांक यादव, महादेव पचौरी, मुन्ना महाराज, अखिलेश त्रिपाठी, गोपाल खजांची, ने किया। मंच संचालन आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे, पं. सौरभ दुबे, पं. महेंद्र पांडेय, पं. पवन आदि ने किया।

# नये वर्ष में जरूरतमंद और गरीबजनों को बाटे कंबल





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नये वर्ष 2025 के उपलक्ष्य मे संस्था लाईट ऑफ ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी जबलपुर के तत्वावधान में गरीब ज़रूरतमंद, असहाय, बेसहारा जानों को रात के वक्त कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण कर नये साल की शुभकामनाएं प्रदान किये। इस दौरान सभी उम्र के व्यक्ति सम्मलित हुये।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेवी कमांडर पंकज गौतम और उनके परिवार का विशेष योगदान रहा। उनके नेक विचार अति प्रशंसनीय है। अतः हम करुणामय हृदय परिपूर्ण लोगों के साथ मिलकर ऐसे ही बेसहारों को कोई न कोई माध्यम से सतत मदद पहुंचा पा रहे । इस प्रयास के तहत, हम ठंड में ठिठुरते लाचार , बेबस, बेसहारों के लिए निः शुल्क कम्बल और गरम कपड़े वितरित किये।, संस्था के सदस्य के रूप में सभी से आग्रह करते हैं कि सभी ऐसे ही बेसहारों का सहारा बनने प्रयास करते रहें।

संस्था सदस्य के रूप सहयोग प्रदान करने वाले वॉलंटियर्स वरिष्ट समाजसेवी अनंत कुमार, शिवराम मीणा, सुंदर लाल, चेतराम मीणा, संजय कुमार सोनी, नितिन बर्गमेन,संतोष कुमार परस्ते, जे. पी. बघेल, तीरथ सिंह, पंकज सिक्का, नितिशा इंगले , एस एस चंदेल, नीलेश वर्मा,पंकज कुमार गौतम, अजय अवस्थी, रुपेश रावत, हरि कृष्णा, जाग्रति जी, लक्ष्मी परस्ते, विवेक तिवारी, अनामिका पटेल, आयुषी चंदेल, गोपाल सिंह ठाकुर, नेहा मीना, माधव शरण राज , पी विजय कुमार जॉनसन, नीलेश वर्मा, तीरथ सिंह, संजय सोनबेर, जे एस ठाकुर, रवि कोल, रामेंद्र गंगवार, आयुषी चंदेल, , रुकशा हल्दकार , तरुण सिंहमारे, , मेघ राज बकोरिया, , आयुष चंदेल,राजेन्द्र रजक , उपेन्द्र सिंह,मनीष गुप्ता, क्षमा ठाकुर, शुभम, बृजेश गौतम, शांतम सोनी, मेघ राज भरसकर आदि का योगदान निरंतर करते आ रहे हैं।

जनहित को ध्यान में रखते हुए कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, साल्यूशन क्रीम और थिनर जैसे उत्पादों के विक्रय, उपयोग आदि पर रोक लगाने कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि या सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने पर होगी संबंधितों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही - कलेक्टर

**कलेक्टर ने आदेश जारी कर सभी संबंधितों को पालन सुनिश्चित करने दिये निर्देश -नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो - कलेक्टर दीपक सक्सेना**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला जबलपुर दीपक सक्सेना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् सम्पूर्ण जिले के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने आदेश में उल्लेखित किया है कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो और यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि या सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाया जाता है तो संबंधितों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए उन्होंने समस्त प्रकार के आयोजनों की अनुमति प्रशासनिक अधिकारियों से प्राप्त किया जाने के उपरांत ही आयोजन करने, अनुमति प्राप्त नहीं होने पर किये जाने वाले आयोजनों को अवैधानिक घोषित करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, सम्पूर्ण जबलपुर जिलें में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है, प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाये जिनसे किसी भी धर्म, वर्गो की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचे। ऐसा करते पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ्ज्ञ कार्यक्रम में आयोजक, आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाकर उनके विरूद्ध भी विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी, कोई भी व्यक्ति, संस्था, पशु मालिक अपने पशुओं को खुले तौर पर सड़कों पर न छोड़े और नही सड़कों पर आने दें, घरेलू नौकरों एवं व्यवसायिक नौकरों की सूचना संबंधित मालिकों के द्वारा थाने पर विहित प्रारूप में देने के उपरांत ही इन्हें रखा जाये, होटल, लॉज, धर्मशाला में रूकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लिया जावे एवं ठहरने वाले व्यक्तियों की सूची विहित प्रारूप में प्रतिदिन संबंधित थाने पर दी जाये। पेईंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये, इसके उपरांत ही पेईग गेस्ट रखा जावे, किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने मकान में यदि किरायेदार रखा जाता है, तो इसकी सूचना संबंधित थाने में लिखित रूप से प्रदाय किया जाना अनिवार्य है, जबलपुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो, चित्र, मैसेज करने या साम्प्रदायिक मैसेज करने या इनकी फारवर्डिंग, लाईक, ट्वीटर/एक्स, फेसबुक, व्हाटसएप इत्यादि सोशन मीडिया पर करने या इन पर कमेंट, लाईक करने की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जावे एवं सोशल मीडिया के ग्रुपों पर विशेष निगाह रखी जायेगी। आदेश का उल्लंघन होने पर भारतीय न्याय संकहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में अस्थाई तौर पर एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु स्थाई/अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में अस्थाई तौर पर शयनयान श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच तुरंत प्रभाव से लगाने का निर्णय लिया गया है।

शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर स्टेशन से दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक तथा गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन रीवा स्टेशन से दिनांक 02.01.2025 से 01.02.2025 तक गंतव्य के लिए लगाया जाएगा। यात्री लगाए गए इस अतिरिक्त कोच का लाभ उठाए।

# केविके के वैज्ञानिकों ने किसानों के लिये समसामयिक सलाह प्रदान की




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के हित समय-समय पर समसामयिक सलाह प्रदान की जाती है। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर द्वारा वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान भाईयों को निम्नलिखित समसामयिक सुझाव प्रदाय किये गये हैं-

हाल में ही हुई वर्षा के मद्देनजर किसान भाई दलहनी फसलों यथा मटर, मसूर, चना आदि के खेतों में जल निकास की व्यवस्था करें।

मटर, मसूर, चना आदि में जलभराव के कारण यदि फफूंदजनित रोगों की समस्या है तो ट्राईकोडर्मा विरडी 5 मिली. प्रति लीटर अथवा पूर्वमिश्रित फफूंदनाशी केप्टान (70 प्रतिशत) . हैक्साकोनाजोल (5: डब्ल्यू. पी. प्रतिशत) का जड़ क्षेत्र में छिड़काव करें।

गेहूँ की फसल यदि जलभराव से प्रभावित हुई है तो खेत से पानी निकालकर घुलनशील उर्वरक एन.पी.के. - 18:18:18 का 750 ग्राम से 1 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। तापमान में हो रही गिरावट के मद्देनजर किसान भाई दलहनी फसलों, सब्जियों की मेड़ों पर सांयकाल धुँआ करें तथा थायोयूरिया 1 ग्राम प्रति लीटर अथवा घुलनशील गंधक 80: 2 -3 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव करे ताकि फसलों को पाले से बचाया जा सके।

सिंचित तथा समय से बोई गई गेहूँ की फसल में यूरिया 15 कि.ग्रा. प्रति एकड़ के मान से टॉपडेअसिंग करें ।उपरोक्त के अतिरिक्त फसलों में यदि कोई अन्य समस्या है तो फसल सेम्पल (नमूना) के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र में संपर्क करें।





## कलेक्टर सक्सेना ने नवीन मटर मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने आज औरिया स्थित नवीन मटर मंडी पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि मटर से भरे हुये वाहनों के आवागमन की समुचित व्यवस्था करेंए साथ ही किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने किसानों से मंडी की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की और कहा कि नवीन मटर मंडी को व्यवस्थित करने की सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जा रही हैं। आगामी समय में किसानों के लिये यह मंडी बहुत ही सुविधाजनक तथा व्यवस्थित होगी।

**कलेक्टर श्री सक्सेना ने किया कालाडूमर स्थित नर्मदा एग्रो वेयर हाउस का निरीक्षण**

जबलपुर-कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने आज पनागर विकासखंड के ग्राम कालाडूमर स्थित नर्मदा एग्रो वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम श्री अभिषेक सिंहएसंयुक्त कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र अहकेए डीएम नॉन श्री दिलीप किराराए सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री संजय खरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने उपार्जित धान का निरीक्षण किया साथ ही बेमौसम बारिश से गीली हुई धान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उपार्जित गीली धान को सुखाने व अपग्रेड करने का काम करें और गीली धान को छोड़कर सभी एक्सेप्टेंश जारी करें ताकि किसानों का भुगतान हो जाये। उपार्जित धान की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कहा कि मिलर्स को ट्रांसपोर्टेशन का कार्य करायें साथ ही वेयर हाउस में भी रखवाना सुनिश्चित करें।



भोपाल - किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कामना की है कि नव-वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर भारत को कृषि के क्षेत्र महाशक्ति बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

**विक्रम व्यापार मेले का आयोजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**

# उज्जैन को मूर्ति-शिल्प का केन्द्र बनाने के प्रयास किए जाएंगे-मुख्यमंत्री डॉ.यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन में स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी विक्रमोत्सव-2025 और विक्रम व्यापार मेले के आयोजन की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में विक्रम व्यापार मेले का आयोजन एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य न्याय, दानशीलता, सुशासन, वीरता की अद्वितीय मिसाल है। वे एक महान शासक थे। उन्होंने न केवल विदेशी आक्रमणकारियों को पराजित कर देश से बाहर किया बल्कि सुशासन के सभी क्षेत्रों में उनका विशेष स्थान रहा है। सम्राट विक्रमादित्य के साहस, पराक्रम और पुरूषार्थ, उनकी कथाएं, उनके द्वारा प्रारंभ किया गया विक्रम संवत्, उनके महान इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि उज्जैन को मूर्तिशील्प का केन्द्र बनाए जाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। मध्यप्रदेश सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के विभिन्न आयामों को देश और विदेश के सामने लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया है। सम्राट विक्रमादित्य के विक्रम संवत् के प्रवर्तन के अवसर पर उज्जैन में आने वाले दिनों में भव्य आयोजन किया जाएगा। विक्रमादित्य की न्याय परंपरा पर विश्वविद्यालय में सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। विक्रम व्यापार मेले में सरकार द्वारा निवेशकों को मंच प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं इन्हें और अधिक विकसित किया जाएगा। उज्जैन में धार्मिक पर्यटकों की संख्या में अत्यंत वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विक्रम व्यापार मेले के आयोजन और विक्रमोत्सव के आयोजन की समीक्षा की। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से गत वर्ष आयोजित विक्रम व्यापार मेले के बारे में मूलभूत जानकारी दी। बताया गया कि इस वर्ष विक्रम व्यापार मेले के आयोजन के लिए शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर का चयन किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में विक्रम व्यापार मेले-2025 के लिये स्थल के प्रस्तावित ले-आउट, प्रस्तावित दुकानों की जानकारी और आयोजन के संबंध में अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि इस बार के व्यापार मेले में ऑटो एक्स-पो और धार्मिक पर्यटन को भी विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले के आयोजन का उद्देश्य यह है कि सब लोग आपस में मिलें, एक नए जीवन का संकल्प लें और सभी के जीवन में खुशियाँ आएं।

बैठक में सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, श्री सतीश मालवीय, श्री जितेन्द्र पण्ड्या, एडीजी श्री उमेश जोगा, संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, डीआईजी श्री नवनीत भसीन, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक डॉ.श्रीराम तिवारी, डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुँवर, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.अर्पण भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक, श्री बहादुर सिंह बोरमुण्डला, एमपीआईडीसी के श्री राजेश राठौर, श्री विशाल राजोरिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने निर्देशित किया है कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे तथा वंचितों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु घर-घर जाकर अभियान के रूप में हितग्राहियों को चिन्हित करें और योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। निगम आयुक्त नारायन ने यह निर्देश मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित नागरिकों तक पहुंचाने तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु वार्ड क्र. 55 में आयोजित शिविर का अवलोकन करते हुए दिए। निगम आयुक्त नारायन ने निर्देशित किया कि निगम द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के लाभ संबंधी कार्यवाही और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करें तथा जिला प्रशासन संबंधी कार्यों हेतु जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय कर नागरिकों के प्रकरणों को निराकृत करें। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जोन क्र. 13 के अंतर्गत वार्ड क्र. 55 में आयोजित शिविर का अवलोकन किया और शिविर में आयुष्मान कार्ड, विभिन्न पेंशन योजनाओं और संबल योजना सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवा कार्यों के संबंध में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नारायन ने आयुष्मान कार्ड संबंधी कार्य पर विशेष ध्यान देते हुए अधिक से अधिक नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने विभिन्न पेंशन योजनाओं एवं संबल योजना के हितग्राहियों के आवेदनों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर उन्हें निराकृत करने, नामांतरण, नो-डयूज सहित अन्य सेवा संबंधी आवेदनों का भी त्वरित गति से निराकरण करने और सभी आवेदनों का इन्द्राज पोर्टल पर करने और निराकृत प्रकरणों की भी जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने राजस्व संबंधी कार्यों, पट्टे, जाति प्रमाण सहित जिला स्तर संबंधी प्रकरणों का निराकरण जिला प्रशासन के अधिकारियों से समन्वय कर करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त नारायन ने निर्देशित किया कि शासन की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित हितग्राहियों तक पहुंचाने हेतु घर-घर जाकर वंचित हितग्राहियों को चिन्हित करें और उन्हें मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की जानकारी देकर शिविर/वार्ड/जोन कार्यालय में बुलाए और उनके प्रकरणों का निराकरण इस प्रकार सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे।

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल जिले में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक जिले में 170 शिविर आयोजित किए जा चुके है। जिनमें 42 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं और 30 हजार से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही स्वीकृत किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में जनपद बैरसिया में लगभग 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए है इसमें से 2200 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है।

**खाद्य मंत्री राजपूत की युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों को नये वर्ष की सौगात**

# अब 3064 रुपये में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों को 14 लाख का बीमा

भोपाल (आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं को मात्र 3064 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 14 लाख रुपये का बीमा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के हितग्राहियों की असामयिक मृत्यु पर कोई सहायता नहीं प्राप्त होने से परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि हितग्राहियों के बीमा के लिये 3 बीमा योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा।

इनमें से सामूहिक बीमा योजना का क्रियान्वयन फरवरी-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 2608 रुपये और बीमित राशि 10 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का क्रियान्वयन जून-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये और बीमित राशि 2 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का क्रियान्वयन जून-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 20 रुपये और बीमित राशि 2 लाख रुपये है। योजना में पॉलिसी जारी होने की दिनांक से हितग्राही की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पूरी बीमा राशि मिलेगी। पॉलिसी जारी होने की दिनांक से 30 दिन के बाद हितग्राही की अन्य कारण से (दुर्घटना को छोड़कर) मृत्यु होने पर पूरी बीमा राशि दी जायेगी। अन्य कारणों से 30 दिन में मृत्यु होने पर हितग्राही द्वारा देय प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा। बीमा पॉलिसी जारी होने के एक वर्ष की अवधि में आत्महत्या करने पर जीवन बीमा की राशि देय नहीं होगी, मात्र देय प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा। हितग्राही की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच होना चाहिये। जीवन बीमा एक वर्ष के लिये होगा, जिसका प्रतिवर्ष नवीनीकरण कराना होगा। हितग्राही की मृत्यु पर बीमा राशि परिवार को दी जायेगी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में दुर्घटना होने पर दोनों हाथ या दोनों पैर या एक हाथ या एक पैर का इस्तेमाल न होने पाने और एक आँख की रोशनी पूरी तरह से जाने की स्थिति में या दोनों आँखों के ठीक नहीं हो पाने की स्थिति में 2 लाख रुपये का बीमा लाभ मिलेगा। इसी तरह एक हाथ या पैर का इस्तेमाल नहीं कर पाने की स्थिति में या एक आँख की दृष्टि खो जाने और वापस आ सकने की स्थिति में एक लाख रुपये की बीमा राशि मिलेगी।

### 'संकल्प परियोजना' के अंतर्गत खरगोन जिले में एनएमआर, एमएमआर में सुधार के लिये विशेषज्ञों ने किया मंथन

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में वर्ष-2030 तक नवजात शिशु मृत्यु दर (हस्त्क्र) को सिंगल डिजिट में लाने के लिये संकल्प परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश भोपाल में को-डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। को-डेवलपमेंट वर्कशॉप में खरगोन जिले में प्रभावी रणनीतियों को लागू करने के लिए अनुसंधान आधारित कार्य योजना तैयार किए जाने के लिये मंथन किया गया। इस पहल का उद्देश्य नवजात शिशु मृत्यु दर (एनएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी लाने के लिए एक प्रभावी मॉडल विकसित करना है। खरगोन जिले में विकसित इस मॉडल को पूरे मध्यप्रदेश में लागू किया जाएगा, ताकि वर्ष 2030 तक एनएमआर को सिंगल डिजिट में लाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

# ऊर्जा मंत्री ने सार्वजनिक स्थलों पर नशे का सेवन रोकने तथा स्वच्छता का संदेश देने किया राम धुन का वाचन

भोपाल-(आरएनएस)उप नगर ग्वालियर में सार्वजनिक स्थलों पर नशे का सेवन रोकने तथा स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा आरंभ किए गए अभियान के तहत मंगलवार को आनंद नगर तिराहे कांचमील पर प्रभु श्री राम की धुन का मधुर वाचन किया गया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भी सीताराम धुन में हिस्सा लिया।इससे पहले ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने न्यू कॉलोनी स्थित अपने आवास से आनंद नगर कांच मील तक स्वच्छता का संदेश देते हुए दुकानदारों और ठेले वालों से कचरा डस्टबिन में डालने तथा अपने आसपास सफाई रखने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से हम



अपने लिए और अपने आस-पास के लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं। जिससे न केवल हम स्वस्थ रहेंगे बल्कि अपने पड़ोसियों को भी बीमारियों से बचा सकते हैं।

# परिवर्तित मौसम में किसानों सहित सभी नागरिक रखें पर्याप्त सावधानियां

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को प्राकृतिक आपदा से फसलों की क्षति के प्रावधान के अनुसार राहत राशि दी जाएगी। देश के साथ प्रदेश में भी मौसम बदला है। किसानों के किसी भी संकट में सरकार संवेदनशील होकर उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को फसल किसी भी माध्यम से बेचे जाने की सुविधा देती है। ऐसे छोटे किसान जिनकी फसलों का उपार्जन नहीं हो पाता और वे अपने स्तर से फसल बेच देते हैं उन्हें प्रति हैक्टेयर राशि प्रदान करने अथवा बोनस के संबंध में आवश्यक सहायता के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में विचार कर उन किसानों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया जाएगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं अथवा अपेक्षाकृत सक्षम नहीं हैं। ओला,पाला आदि से फसलों के नुकसान पर जिला स्तर पर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से आव्हान किया कि विपरीत मौसम में फसलों के साथ ही स्वयं की सुरक्षा के लिए समस्त एहतियात बरतें।

# ससकार से समृद्धि राज्य स्तरीय संगोष्ठी में शामिल हुए मंत्री सारंग

भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि हर पंचायत में पैक्स, सभी को रोजगार और सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य है। सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिये इसका विस्तार पंचायत स्तर पर करना होगा। सहकारिता के हर एक मूल भाव को आत्मसात करते हुए देश को समृद्ध बनाना ही हमारा लक्ष्य है। पैक्स के माध्यम से हर पंचायत तक रोजगार सृजित हो, इसके लिये बहुउद्देश्यीय पैक्स की अवधारणा गठित की गयी है।

मंत्री श्री सारंग बुधवार को भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित सहकार से समृद्धि राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के पूर्व नई दिल्ली में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 10 हजार नवगठित बहुउद्देश्यीय पैक्स, डेयरी और मत्स्ई सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम से सभी प्रदेशों के सहकारिता विभाग के अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। समृद्ध राष्ट्र के लिये समाज को जोड़ने की जरूरत है और समाज को जोड़ने का केवल एक ही प्रकल्प है, सहकारिता। समाज का निर्माण सहकारिता के माध्यम से ही होता है। सभी की भागीदारी के साथ लक्ष्य को साधने का नाम ही सहकारिता है। परिवार सहकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। रोजमर्रा की जिंदगी में भी सहकारिता के बिना कुछ नहीं हो सकता। सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भागीदारी और बराबरी होने से अच्छे परिणाम निकलने का प्रतिशत बढ़ जाता है। सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने के लिये सभी वर्ग को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हर पंचायत में पैक्स का लक्ष्य पूर्ण करने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। पैक्स के माध्यम से रोजगार सृजित हों और सदस्यों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पैक्स पशुपालन, मत्य्ल-पालन और ऋण वितरण तक ही सीमित नहीं रहे, पैक्स पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी भी चलाये, जिसके पास जगह हो वह शादी हॉल, मैरिज गार्डन भी बनायें,

### सीईओ सिंह ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सोमवार को सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों और समाधान ऑनलाइन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

सिंह ने जनकल्याण अभियान के अंतर्गत शिविरों में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में उपस्थित होकर विभाग सम्बन्धी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। सीईओ सिंह ने कहा कि जनकल्याण शिविरों में प्राप्त हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जाए। सीईओ सिंह ने एपीसी की बैठक के लक्ष्यों में किसान क्रेडिट कार्डों, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को कुल प्रेषित प्रकरणों को पूरा करने के निर्देश दिए।

## जमीन सीमांकन को लेकर पटवारी और जमीन बेचने वाले पर हमला, पुलिस अफसर की कार पर किया पथराव

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में जमीन सीमांकन को लेकर पटवारी और जमीन बेचने वाले पक्ष पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। गांववालों ने स्पेशल डीजी की कार पर पथराव भी किया। इस दौरान किसान की पत्नी ने जहर खा लिया।

घटना खजूरी थाना क्षेत्र में बरखेड़ा सालम में शनिवार दोपहर की है। पुलिस सुधार सेल के स्पेशल डीजी शैलेश सिंह ने बताया कि उनके दामाद की जमीन की नपती होना था। पटवारी ने दूसरे पक्ष को लेटर दिया था। इसी बात को लेकर विवाद हो गया।

हंगामे की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्पेशल डीजी शैलेश सिंह भी बाद में वहां पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी। इसके बाद मामला शांत हो सका। थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि जमीन के बंदोबस्त में गड़बड़ी के कारण विवाद की स्थिति बनी। जिस किसान की यह जमीन है उसके भाई ने बिना बताए उसके कब्जे वाली जमीन बेच दी। जमीन के रिकॉर्ड में गड़बड़ी का ये मामला पहले से एसडीएम कार्यालय में चल रहा है लोगों ने पुलिस पर वर्दी का रौब दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन और जमीन की नपती करने पहुंचे डीजी के दामाद को घेर लिया। वहां मौजूद एक पुलिसकर्मी डीजी की गाड़ी में लगी नेम प्लेट को कवर करने पहुंचा। इस दौरान ग्रामीणों ने फिर से नेम प्लेट से कवर को हटाकर नारेबाजी शुरू कर दी।

विवाद बढ़ता देख ग्रामीणों के साथ कई महिलाएं हाथ में हंसिया लेकर पहुंच गई। तभी धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वहां मौजूद पुलिस बल ने लोगों को अलग-अलग किया। गुस्साए ग्रामीणों ने डीजी की गाड़ी में जमकर पत्थरबाजी भी की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने गाड़ी बढ़ाने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। डीजी सिंह के दामाद गगन गुप्ता ने बताया कि पटवारी अजय के भड़कने पर विवाद बढ़ा है। 2023 में मैंने जमीन खरीदी थी, जिसका नामांतरण भी मेरे नाम है और सभी दस्तावेज मेरे नाम है। पटवारी ने ही मुझे नोटिस देकर जमीन की नपती के समय उपस्थित रहने का कहा था। पूर्व में जमीन में किसी प्रकार का विवाद नहीं था। जो जमीन हमें दिखा कर बेची गई, इस पर खेती करते हैं। विक्रेता का परिवार से जमीन को लेकर क्या विवाद है, हमें इस बात की जानकारी नहीं है।

# सौरभ शर्मा की हो सकती है हत्या-जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की दुर्दशा पर चिंता जाहिर करते हुये आज मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि विगत दिनों उजागर हुये आरटीओ पे पूर्व आरक्षण सौरभ शर्मा कांड में जिस तरह की तस्वीर सामने आ रही है, उससे प्रतीत होता है कि सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह बात मैंने पहली भी कही है, क्योंकि जब भी वह सामने आयेगा, कई लोगों के चेहरे बेनकाव हो जायेंगे। इसलिए सरकार को सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी कर उसे सुरक्षा देना चाहिए और भ्रष्टाचार के सच को सामने लाना चाहिए, सारे राज प्रदेश की जनता के सामने लाना चाहिए। क्योंकि सौरभ शर्मा का वकील भी सौरभ शर्मा के एनकाउंटर की आशंका जता चुके हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा राज में दिखने लगा है कि भ्रष्टाचारी चेहरा कैसा होता है, जनता के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि मप्र की सरकार कर्ज, क्राइम, करपशन और कमीशन की सरकार चल रही है। सौरभ शर्मा मामले को लेकर पटवारी ने कहा कि भाजपा में लूट के पैसों की लड़ाई होती है, महाकाल में जिन लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, महाकाल में जिन लोगों को पद दिये जा रहे हैं, जिन लोगों को प्रशासक बना रखा है, वे सभी लूटपाट कर एक-एक, डेढ़-डेढ़ करोड़ रूपयों तक की अवैध कमाई कर आंखों में धूल झौंक रहे हैं। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन में भाजपा का भ्रष्टाचार भगवान महाकाल को भी नहीं छोड़ रहा है। पहले इन्होंने महाकाल लोक में भ्रष्टाचार किया, जिसमें मुख्यमंत्री सहित कई लोगों पर उंगलियां उठी थी और अब फिर से भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। ये प्रसाद में, दर्शन में लोगों को लाईन में आगे बढ़ाने में। लोगों को भोलेनाथ के आनलाईन दर्शन कराने के लिए पैसे की डिमांड होती है, यह कैसे भोलेनाथ के भक्त हैं, यह आरएसएस से जुड़े लोगों द्वारा महाकाल मंदिर में किया जा रहा है। यानि भाजपा सरकार में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए तक पैसे की वसूली की जा रही है। यह हैं भाजपा का असली चेहरा। पटवारी ने कहा कि बार-बार में कह रहा हूं कि किसानों का गला घौंटा जा रहा है। जिस तरह किसानों से कहा गया कि धान के 3100 और गेहूं का 2700 रूपये समर्थन मूल्य देंगे, भाजपा किसानों को झूठ परोसती हैं, आने वाले समय धान खरीदी आयेगी तो में मैं स्वयं मंडियों में जाकर किसानों से मिलूंगा, इस सरकार का झूठ, करप्शन का गुमराह करने का उस चेहरे को बेनकाब करने की कोशिश करूंगा। हाल ही में अपने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया था कि सरकार अपना वादा निभाये, संकल्प पत्र का पालन करे। जीतू पटवारी ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दलितों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में देवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। कांग्रेस पार्टी भाजपा द्वारा व्यापक स्तर पर किये जा रहे घपले-घोटालों, भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा प्रदर्शन कर रही है। भ्रष्ट और करप्ट मानसिकता के लोग सरकार में बैठे हैं, इनकी रीड़ की हड्डी नहीं बची, इनको शर्म नहीं आती, इनमें मर्यादा नहीं बची। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस ने सच्चे विपक्ष की भूमिका निभाई। पटवारी ने कहा कि दलितों पर अत्याचार हो रहा है, देवास में कल एक बेटे की हत्या कर दी गई, एनसीआरबी के आंकड़े कहते हैं कि दलित-आदिवासी बहनें लगभग पिछले तीन-चार साल में पांच लाख बहने गायब हो गई हैं। जो अलग-अलग की यातनाएं होती, निर्दोषों की हत्या होती है, लोगों पर पेशाब की घटना होती है, जिसमें भाजपा के लोग सामने निकलकर आते हैं, इन सब घटनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की रक्षा को लेकर, संविधान के संकल्प के साथ महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप 'जय भीम-जय संविधान-जय बापू' महू में बड़ा आयोजन किया जायेगा।



मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुम्भ महज एक मेला नहीं, बल्कि करीब डेढ माह तक चलने वाला मिलन और सत्संग का महापर्व है। देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस पर्व के विषय में जानना अति आवश्यक है, ताकि वह महाकुम्भ के महात्म्य और मूल को समझ सकें और अधिक से अधिक इसका पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। तीर्थ राज प्रयाग में प्रयाग पुत्र के नाम से फेमस राकेश कुमार शुक्ला ने महाकुम्भ को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ डिजिटल डिटॉक्स होने के साथ साथ पतित को पावन बनाने का पर्व है।



## कांग्रेस को गहन विचार-विमर्श करना चाहिए

मुमकिन है, इसके पीछे प्रमुख कारण अडानी के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। फिर भी वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब कांग्रेस को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। इंडिया गठबंधन के अंदर कांग्रेस से अलगाव का रुझान और आगे बढ़ा है। अब नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस गठबंधन का नेता बने रहना चाहती है, तो उसे यह स्थान मेहनत से कमाना पड़ेगा। अब्दुल्ला ने ईवीएम में हेरफेर को लेकर %रोने की प्रवृत्ति' से कांग्रेस को बाहर आने की सलाह भी दी और कहा कि उसे चुनाव नतीजों को स्वीकार करना सीखना चाहिए। इसके पहले गठबंधन के नेता के रूप में कांग्रेस या राहुल गांधी की हैसियत को ममता बनर्जी, शरद पवार और लालू प्रसाद यादव से प्रत्यक्ष एवं शिवसेना (उद्धव) और डीएमके से परोक्ष चुनौती मिल चुकी है। मुमकिन है कि इस प्रवृत्ति के पीछे प्रमुख कारण अडानी ग्रुप के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। इसके बावजूद वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब पार्टी को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। यह तथ्य है कि कांग्रेस गठबंधन के अघोषित नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा पाई। लोकसभा चुनाव में आश्चर्यजनक अच्छे नतीजों के बाद तो वह जननायक परिघटना का ऐसे शिकार हुई कि उसे लगा अब राहुल गांधी की लहर चल रही है। इसका असर हरियाणा और महाराष्ट्र में सीट बंटवारे के दौरान उसके हठी रुख में नजर आया। संसद में किस मुद्दे को कितनी तरजीह देनी है, इस पर गठबंधन में आम सहमति बनाने की कोशिश के बजाय खुद मुद्दे तय कर लेने का उसका रुख भी इसी परिघटना से प्रभावित लगा है।

# प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए अपनाए गए दोहरे मापदंड पर खुद घिरी कांग्रेस

पहले पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव और अब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक को लेकर जो घिनौनी राजनीति कांग्रेस परिवार खासकर नेहरू-गांधी परिवार ने शुरू की है, वह बेहद लज्जाजनक और भारतीय राजनीति पर किसी काले धब्बे की मानिंद है। इससे देश का सत्तापक्ष, विपक्ष और जनमानस सभी शर्मसार हुए हैं।

दरअसल, कांग्रेस व विपक्षी दल के कई नेता चाहते थे कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाए और वहीं पर उनका समाधि स्थल भी बनवाया जाए। जबकि केंद्र सरकार ने डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला लिया और बाद में उनका स्मारक बनवाए जाने की बात कही। इसी मसले पर सियासत शुरू हो गई। वहीं, इस मसले पर अबतक हुए सियासी वार-पलटवार में भाजपा से ज्यादा कांग्रेस घिर चुकी है। क्योंकि अब आईना दिखाया जा रहा है कि प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए खुद कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार ने ही दोहरे मापदंड अपनाए थे। जबकि वह नाहक ही इस मसले पर भाजपा को घेर रही है ताकि फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में उसे इसका भावनात्मक लाभ मिल सके।

ऐसे में सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर भारत सरकार फैसले लेगी या फिर कोई स्वस्थ परम्परा शुरू करेगी। वहीं, इस मसले पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति में भी भेद नहीं होना चाहिए, क्योंकि उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति भी होता है। बताया गया है कि राजघाट पर स्मारक के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री और विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों की चर्चा तो है, लेकिन उसमें उपराष्ट्रपति का पद शामिल नहीं है। यह हैरतअंगेज है।

सवाल है कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टीगत सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने का आरोपी %कांग्रेस परिवार% अब किस मुंह से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के लिए मरणोपरांत अंत्येष्टि व स्मारक हेतु राजघाट, दिल्ली में स्थान मांग रहा है और इसे नहीं देने का आरोप %बीजेपी परिवार% पर लगा रहा है, जबकि एनडीए के नेतृत्व वाले मोदी सरकार की ऐसी कोई नकारात्मक मंशा नहीं है। इस बावत हुए सरकारी पत्राचार और बयानबाजियां इस बात की पुष्टि कर रही हैं।

बता दें कि अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टी स्तरीय सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने के लिए जो तत्कालीन मनमोहन सरकार दोषी थी, अब उसी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधनोपरांत निगमबोध घाट पर हुई उनकी अंत्येष्टि क्रिया करवाए जाने व उनके स्मारक के लिए राजघाट पर अपेक्षित स्थायी जगह नहीं दिए जाने के आरोप मढ़कर कांग्रेस पार्टी भाजपा नीत राजग गठबंधन की मोदी सरकार को दोषी ठहरा रही है। जबकि ऐसा करने से पहले उसे खुद

अपने गिरेबां में झांकना चाहिए।

इस मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस को 20 वर्ष पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि उन्होंने अपने नेता पीवी नरसिंह राव को कितना सम्मान दिया। तब सोनिया गांधी उनके अंतिम संस्कार में शामिल तक नहीं हुई थीं। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनके लिए एक भी प्रतिमा का निर्माण नहीं किया या उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। हालांकि, आप अपनी औपचारिकताएं पूरी करें, तब बीजेपी निश्चित रूप से डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए भूमि देगी।

वहीं, सियासी हद तो यह है कि कांग्रेस इसे अल्पसंख्यक पंजाबी समुदाय विरोधी कृत्य बताते हुए डॉ मनमोहन सिंह का अपमान करार दे रही है, जो पूर्णतया सही नहीं है। इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने से पहले उसे अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। उसने अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंहराव के साथ जो सुलूक किया, वैसा उदाहरण विरले ही मिलता है। वहीं, हैरत की बात तो यह भी है कि कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव को नजदीक देखकर इस पूरे घटनाक्रम से सिखों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया और निगम बोध घाट पर डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को सिखों का अपमान बताया गया। जबकि इससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है, क्योंकि दिल्ली के सरदार 1984 के सिख विरोधी दंगों को नहीं भूले हैं। इसी की भरपाई के लिए उसने डॉ मनमोहन सिंह को पीएम तक बनाया, लेकिन पंजाबी समुदाय के लोकप्रिय नेता के रूप में वो अपनी छवि नहीं गढ़ सके। क्योंकि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें कभी फ्री हैंड नहीं दिया! आलम यह है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस को आप और अकाली दल शिरोमणि के नेताओं का भी साथ मिल गया है, जिनका दिल्ली से लेकर पंजाब की सियासत पर अपना वर्चस्व है। इन दोनों दलों ने भी केंद्र सरकार पर सिखों के अपमान का आरोप लगाया है।

## अमित शाह की रणनीति से नक्सलवाद पर लगाम

बीते वक्त में क्या खोया और क्या पाया, हर नए साल के साथ इसके मूल्यांकन की परंपरा है। इस लिहाज से अगर बीते हुए यानी साल 2024 का मूल्यांकन करेंगे तो कई बिंदुओं पर हमें निराशा हाथ लगेगी तो कई उपलब्धियों और कामयाबियों का भी जिक्र होगा। लाल आतंक के रूप में विख्यात नक्सलवाद पर नकेल बीते हुए साल की उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, लेकिन इसमें भूमिका राज्यों की भी कम नहीं रही है।

बीते साल सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारी संख्या में नक्सली या तो मारे गए हैं या फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही कई नक्सलियों ने समर्पण करके मुख्यधारा की जिंदगी को अपनाया है। नक्सली आतंक पर कामयाबी के पीछे रही तीन-स्तरीय रणनीति, जिसके तहत सबसे पहले नक्सलियों पर समर्पण का दबाव बनाया गया। अगर इसके बावजूद नक्सली नहीं मानता तो उसकी पहले गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनाई गई। इसके बावजूद अगर नक्सलवादी नहीं माने तो उनके खिलाफ निर्णायक मुठभेड़ की तैयारी की गई। इसी का असर रहा कि बीते साल अकेले छत्तीसगढ़ राज्य मे ही करीब एक हजा से ज्यादा नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गई है, जबकि करीब 287 नक्सली मारे गए। इनमें झारखंड में मारे गए नक्सलियों की संख्या सिर्फ नौ रही, जबकि सबसे ज्यादा नक्सली छत्तीसगढ़ में मारे गए। झारखंड में इसी तरह एक सैक मेम्बर, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर गिरफ्तार किए गए। इन सभी नक्सलियों पर 36 लाख का इनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ की कमर सबसे ज्यादा उस छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है, जहां नक्सलियों कभी कांग्रेस के तकरीबन समूचे राज्य नेतृत्व को खत्म कर दिया था। छत्तीसगढ़ में करीब 867 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## अंत में यूपी बीजेपी की डूबती नैया को उबार ले गये योगी

2024 भी इतिहास के पन्नों में सिमट रहा है। यूपी के लिये बीता साल काफी यादगार रहा। सबसे खास बात यही थी कि पांच सौ साल के वनवास के बाद अयोध्या में रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो गये। जिसका श्रेय मोदी सरकार को दिया जाता है, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि अयोध्या में रामलाल का भव्य मंदिर बनने के कुछ माह बाद हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी को बुरी तरह से हार का सामना भी करना पड़ा। यहां तक की अयोध्या की लोकसभा सीट भी बीजेपी हार गई, जिसका गम उसे आज भी सताता है। अयोध्या की हार को लेकर विपक्ष बीजेपी को अक्सर तानें मारता रहता है। इस साल हुए आम चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा के सासंदों की संख्या 62 से घटकर 33 पर आ गई इसमें उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल की दो एवं अपना दल एक सीट को भी मिला दिया जाये तो भी यह आकड़ा 36 पर ही पहुंच पाता है, जबकि इंडिया गठबंधन 43 सीटों पर जीत हासिल करने में सफल रहा। इसमें से सपा की 37 और कांग्रेस की 6 सीटें थी।सपा और कांग्रेस दोनों की जीत का ग्राफ बढ़ा था,लेकिन सबसे बुरा हाल बहुजन समाज पार्टी का रहा जो एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। खैर, यूपी के दम पर दिल्ली में मजबूती के साथ पैर जमाये बीजेपी का 2024 के आम चुनाव के नतीजों के बाद वर्चस्व कमजोर पड़ गया तो यूपी बीजेपी का भी राष्ट्रीय राजनीति में ओहदा कम हो गया। यही नहीं वाराणसी से दो बार रिकार्ड मतों से जीत कर सांसद बनने वाले पीएम नरेंद्र मोदी का तीसरी बार के चुनाव में जीत का अंतर भी काफी कम हो गया। मोदी को केन्द्र में पहली बार ऐसे गठबंधन की सरकार बनानी पड़ी, जिसमें भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है।यही वजह थी कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद महीनों तक समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेता बीजेपी और मोदी-योगी सरकार पर हमलावर रहे। साल 2024 को भाजपा के विजय रथ पर ब्रेक और सांसदों की दृष्टि से प्रदेश में 10 साल के बाद भाजपा को दूसरे नंबर की पार्टी बना देने वाले साल के तौर याद किया जाएगा। वैसे इस हार की वजह को कुछ लोग बीजेपी की भीतरी कहल से भी जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, साल खत्म होते-होते वोटरों ने कुछ हद तक बीजेपी के आंसू जरूर पोछ दिये। भाजपा गठबंधन ने विधानसभा उपचुनाव की नौ में से सात सीटें जीतकर लोकसभा चुनाव के बुरे अनुभव को काफी हद तक कम कर लिया। भाजपा के लिए 2024 की शुरुआत उम्मीदों के साथ हुई थी। लोकसभा चुनाव की गूंज के बीच रामलला की जन्मस्थान पर प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसके मुख्य यजमान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने देश के बहुसंख्यकों की भावनाओं के सम्मान का सार्वजनिक शंखनाद किया। रामलला के मंदिर निर्माण में मोदी के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ ने भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम अभूतपूर्व था, इसलिए इसे सोमनाथ की पुनर्प्रतिष्ठा पर पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आपत्तियों को याद करके समझा जा सकता है।

## अंडे अहिंसक व शाकाहारी कैसे ?

रजनीश कपूर

विज्ञापन जगत ने आम जनता के मन में एक बात बिठा दी है कि अंडे शाकाहारी नहीं हैं। अंडे का उपयोग बढ़ाने के लिए इसे प्रोटीन का बढिया स्रेत बताया जाता है। प्रोटीन की मात्रा बहुत सारी शाकाहारी चीजों में भी काफी ज्यादा है पर इस विवाद में नहीं भी पड़ा जाए तो यह तथ्यात्मक रूप से गलत है कि अंडा शाकाहारी है। इसलिए शाकाहारियों के लिए अंडे को लोकप्रिय बनाने के लिए किए जाने वाले प्रचार का उल्टा नारा लगाया जा सकता है - %संडे हो या मंडे, कभी न खाओ अंडे'। कोई क्या खाए और क्या नहीं इसमें बहुत कुछ आदमी की अपनी पसंद और जीवनशैली के साथ-साथ कई अन्य बातों पर निर्भर करता है। फिर भी आप जो चीज खाते हैं या किसी कारण से नहीं खाते हैं उसके बारे में आपको आवश्यक जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 100 ग्राम अंडों में जहां 13 ग्राम प्रोटीन होगा, वहीं पनीर में 24 ग्राम, मूंगफली में 31 ग्राम, दूध से बने कई पदाथरे में तो इससे भी अधिक एवं सोयाबीन में 53 ग्राम प्रोटीन होता है। यही तथ्य कैलोरी के बारे में है। जहां 100 ग्राम अंडों में 173 कैलोरी, मछली में 93 कैलोरी व मुर्गे के गोश्त में 194 कैलोरी प्राप्त होती

## नेहरू को छोटा करने की नहीं, उनके काम से होड़ करने की जरूरत

भूपेन्द्र गुप्ता

देश में आज विकास को लेकर नए-नए नरेटिव गढने् के अलावा इतिहास के पन्नों को कलंकित करने का चलन चल पड़ा है ।संगठित रूप से आजादी के बाद की सरकारों के कामकाज और योगदान को नीचा दिखाने की आक्रामक कोशिशें हो रही् हैं। नई पीढ़ी में शोध के अभाव को देखकर उसे बरगलाने की चेष्टा की जा रही है।देश को उसके सही स्वरूप में पहचान कर देश के विकास की यात्रा की समझ और विकास की कल्पना को चोट पहुंचाई जा रही है ।जिससे वास्तविक इतिहास को जानने से ही रोका जा सके । देश के नेताओं को सुविधानुसार मिस कोट किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश में केन -बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के दौरान ऐसी ही बातें रखी गई जिससे महसूस हो कि जवाहरलाल नेहरू के समय से ही विकास की योजनाओं की उपेक्षा की गई । यहां तक कहा गया कि देश में बड़े-बड़े बांध बनाने और जल संरक्षण को समझने का काम देश में अन्य लोगों ने किया है।जल संसाधनों के संदर्भ में प्रधानमंत्री जी ने घुमाकर यह भी बताया कि जलशक्ति को मजबूत करने के दूसरे नेताओं के प्रयासों को जवाहरलाल नेहरू के नाम पर चिपका दिया गया ।क्या इस तरह का नेरेटिव बनाया जाना उचित है ।क्या यह सत्य है या महज नेहरू जी को नीचा दिखाने और संसद में बाबासाहब का उपहास करने से पैदा हुए संकट से निकलने के लिये भाजपा की रणनीति है।

इसे समझने के लिए बेहतर होगा कि हम देश में जल संरचनाओं के इतिहास को जानें और समझें। सभी जानते हैं कि डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की मृत्यु 1956 में हो गई थी और वह नेहरू जी के मंत्रिमंडल में कानून मंत्री थे उनकी पूरी शक्ति संविधान की ड्राफ्टिंग, संविधान सभा के सभी सदस्यों के योगदान का संकलन कर संविधान को उसका स्वरूप देना था। न कि बांध बनवाना। तब भाजपा 2024 में बनने वाले दुहान बांध के बहाने युग पुरुषों को लड़वाने का नया काम क्यों शुरू कर रही है।

भारत में नदियों को बांधने का इतिहास बहुत पुराना है।देश का सबसे पुराना बांध तमिलनाडु की कावेरी नदी पर बनाया गया था ।जिसे कल्लणै बांध कहते हैं।इसे 150 ईश्वी से 100 ईश्वी के बीच में चोल राजा करिकल ने बनवाया था। इसका अर्थ है कि नदियों को बांधने और जल संरचनाओं को बचाने तथा संरक्षित करने के लिए भारत में बांध बनाने की तकनीकी और संकल्प शक्ति हजारों साल पहले ही आ चुकी थी ।

## आस्था का केंद्र बने बड़े हनुमान के दर्शन के लिए उमड़े चौगुना श्रद्धालु

हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी सूरज राकेश पाण्डेय ने बताया कि बड़े हनुमान के दर्शन के लिए सामान्य दिनों की अपेक्षा चौगुना श्रद्धालु आने लगे हैं। बड़े हनुमान मंदिर के महंत एवं श्रीमठ बाघंबरी पीठाधीश्वर पूज्य बलवीर गिरी जी महराज ने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम इंतजाम किए हैं। महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में नए साल से पहले ही आस्था के केंद्र बने बड़े हनुमान के दर्शन के लिए अचानक चौगुना श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। हनुमान मंदिर के कॉरिडोर बनने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या महाकुम्भनगर में पहले से काफी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संगम किनारे सभा के बाद से महाकुम्भनगर में बढ़ता लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। संगम के किनारे श्रद्धालुओं के साथ साथ सेलेब्रिटी और अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भी जुटने शुरू हो गए हैं। हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी सूरज राकेश पाण्डेय ने बताया कि बड़े हनुमान के दर्शन के लिए सामान्य दिनों की अपेक्षा चौगुना श्रद्धालु आने लगे हैं।

## यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है।

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के ख़ान-पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेज़ी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं।

अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी।

आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है।

भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे ।

मिथुन राशि : आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है । आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी जो लोग आपके विरोधी हैं

सिंह राशि : आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ हास-परिहास और मनोरंजन का मौका मिलेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे।

धनु राशि: आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा।

मीन राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी।



दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी आप और भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने की तैयारी में है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इसको लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों की पहली सूची जनवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि शहर को पांच क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और सभी क्षेत्रों में उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है।

# भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर अत्याचार का प्रतीक- प्रियंका गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को पटना में छात्रों को कथित रूप से प्रताड़ित करने के लिए बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की आलोचना की।

बीते रविवार को पटना पुलिस ने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और उन पर पानी की बौछार की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

बता दें कि व्यापक अनियमितताओं के आरोपों को लेकर परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान के पास धरना दिया तथा पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद सड़क खाली करने से इनकार कर दिया। जैसे ही प्रदर्शन तेज हुआ, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पहले पानी की बौछार की। जब इससे भी कोई फायदा नहीं हुआ, तो लाठीचार्ज किया गया, जिससे कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

छात्रों ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ आंसू गैस और अत्यधिक शारीरिक बल का इस्तेमाल किया गया और दावा किया कि उन्हें जबरन सड़कों से घसीटा गया। महिला उम्मीदवारों ने भी झड़प के दौरान दुर्व्यवहार की बात कही।

इन विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर, बिहार लोक सेवा आयोग ने लगभग 12,000 उम्मीदवारों के लिए 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा (सीसीई) की पुन: परीक्षा की घोषणा की। 4 जनवरी, 2024 को होने वाली पुन: परीक्षा में विशेष रूप से वे उम्मीदवार शामिल होंगे जो 13 दिसंबर को पटना के बापू परिसर परीक्षा केंद्र में उपस्थित हुए थे।

**बिहार में बीपीएससी अभ्यर्थियों को उकसाने के आरोप में प्रशांत किशोर के खिलाफ मामला दर्ज**

पटना, (आरएनएस)। बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के विरोध-प्रदर्शन को उकसाने के आरोप में प्रशांत किशोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।चुनावी रणनीतिकार से नेता बने किशोर और उनकी जन सुराज पार्टी के सदस्यों पर अभ्यर्थियों को भड़काने का आरोप लगा है, जिससे वे सड़क आ गए और अशांति फैलाई।किशोर के साथ पार्टी के बिहार प्रमुख मनोज भारती समेत 19 नामजद और 600 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

बिहार पुलिस ने बताया कि जन सुराज पार्टी ने शनिवार को गांधी मैदान में छात्र संसद आयोजित करने की जानकारी जिला प्रशासन को दी थी, जिसे अस्वीकार कर पार्टी को अनुमति नहीं दी गई।इसके बाद भी पार्टी ने रविवार को गांधी प्रतिमा के पास भीड़ इकट्ठा की और भाषण दिया, जिससे विरोध-प्रदर्शन भड़क गया और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हुई।एफआईआर में कोचिंग संस्थान संचालक निखिल मणि, सुभाष ठाकुर, शुभम स्नेहल, प्रशांत किशोर के 2 बाउंसर भी शामिल हैं। बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने और कई अन्य अनियमितताओं को लेकर 13 दिसंबर से विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ है।अभ्यर्थियों का दावा है कि उन्हें परीक्षा शुरू होने के करीब एक घंटे बाद प्रश्नपत्र मिले। अन्य का आरोप है कि उत्तर पुस्तिकाएं फाड़ दी गईं, जिससे कदाचार की आशंका बढ़ गई।अभ्यर्थी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने और परीक्षा की दोबारा जांच कराने की मांग कर रहे हैं। इनको कई राजनीतिक पार्टियों ने समर्थन दिया है।

पटना (आरएनएस)। बिहार में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और पुनर्परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठी चार्ज के मामले को लेकर सोमवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राजभवन पहुंचे



पटना में कथित अनियमितताओं के कारण 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की पुन: परीक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंदौर के महू में इन्फैंट्री मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की.

# तेलंगाना विधानसभा में मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का केंद्र सरकार से आग्रह किया।

डॉ. मनमोहन सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा पेश प्रस्ताव को विधानसभा ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

विधानसभा के विशेष सत्र में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्र की प्रगति और तेलंगाना के गठन में उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार किया गया। विधानसभा ने हैदराबाद में डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, ताकि उन्हें एक महान नेता के रूप में याद किया जा सके, जिन्होंने तेलंगाना के लोगों की 60 वर्षों की आकांक्षाओं को पूरा किया।

सदन ने डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने मुख्य आर्थिक सलाहकार, आरबीआई गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा की। प्रस्ताव में कहा गया है कि वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल (1991-1996) देश के आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसमें उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण जैसे प्रमुख सुधार हुए।

प्रधानमंत्री के रूप में (2004-2014) उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), सूचना का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और आधार कार्यक्रम जैसे परिवर्तनकारी सामाजिक कार्यक्रमों की शुरुआत की।

उन्होंने विस्थापित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए 2013 में भूमि अधिग्रहण अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन पेश किए और आदिवासी समुदायों का समर्थन करने के लिए 2006 में वन अधिकार अधिनियम को संशोधित किया।

विधानसभा ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि तेलंगाना राज्य के निर्माण में डॉ. मनमोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान 2014 का आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम संसद में पारित किया गया, जिससे लोगों की दशकों पुरानी आकांक्षा पूरी हुई।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तेलंगाना डॉ. मनमोहन सिंह का आभारी है।

उन्होंने देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और नेतृत्व पर प्रकाश डाला तथा भावी पीढ़ियों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में उन्हें सम्मानित करने के महत्व पर बल दिया।

सभी दलों के सदस्यों ने मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी तथा तेलंगाना के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को याद किया।

मुख्य विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भी मनमोहन सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग का समर्थन किया।

## बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र संगठनों का चक्का जाम, सड़क पर उतरे छात्र

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, रविवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद सोमवार को कई छात्र संगठनों ने चक्का जाम की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद सोमवार को छात्र संगठन के लोग सड़कों पर उतरे, जिससे यातायात पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है।

अरवल में चक्का जाम समर्थक सोमवार की सुबह सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया। पटना में लाठी चार्ज के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इस बंद में अभ्यर्थियों के अभिभावक भी सड़क पर उतरे।

प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय स्थित भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे पटना औरंगाबाद एनएच 139 और अरवल -जहानाबाद एनएच 110 पर यातायात ठप हो गया। बंद समर्थकों ने प्रश्नपत्र लीक होने की जांच की मांग की है।




केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए नई दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ छठे बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की.

## पुंछ : नियंत्रण रेखा पर अत्याधुनिक ड्रोन आतंकवादियों की नापाक हरकतों को विफल करने में साबित हो रहे मददगार

पुंछ (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर बर्फबारी के बाद दुश्मन की नापाक हरकतों की आशंका बढ़ जाती है। दुश्मनों पर नजर रखने के लिए भारतीय सेना अत्याधुनिक ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दशकों से अधिक समय से नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों की तरफ से घुसपैठ, ड्रग्स की तस्करी और भारतीय सेना के जवानों को निशाना बनाने जैसी नापाक हरकतों को अंजाम देने के लगातार प्रयास होते रहे हैं। पुंछ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद दुश्मन और आतंकवादियों की नापाक गतिविधियों की संभावना बढ़ जाती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा पर अधिक सतर्कता बरतनी पड़ती है। भारतीय सेना के पास मौजूद अत्याधुनिक ड्रोन अब दुश्मन और आतंकवादियों की इन नापाक हरकतों को विफल करने में मददगार साबित हो रहे हैं। जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के बीच जब भी सेना के जवान अभियान चलाते हैं या शून्य रेखा के करीब गश्त लगाते हैं,

## अखिलेश यादव के इटावा आवास की होनी चाहिए खुदाई : साक्षी महाराज

उन्नाव (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास के नीचे भी शिवलिंग है और उसकी भी खुदाई होनी चाहिए। इसको लेकर बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है।

भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री आवास की खुदाई वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को केवल मुख्यमंत्री आवास ही दिख रहा है। इटावा में जो उनका आवास है, पहले वहीं खुदाई करा लें।

नया साल मनाने के खिलाफ फतवा जारी करने के सवाल पर साक्षी महाराज ने कहा कि हिंदुस्तान शरीयत कानून से नहीं चलने वाला है, यह भारत के संविधान से चलने वाला है। जो शरीयत की बात करते हैं और संविधान का अपमान करते हैं, ऐसे लोग अपना अक्ल ठीक कर लें। ये देश बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान से चलेगा।

सपा मुखिया अखिलेश यादव रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग है। यह हमारी जानकारी है। इसकी भी खुदाई होनी चाहिए। अखिलेश यादव ने संभल में हो रही खुदाई को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर ध्यान हटाने के लिए नए-नए तरीके अपना रही है। जगह-जगह खुदाई हो रही है। उनके हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखा है।

वहीं बरेली के चश्मे दारूल इफ्ता और मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने नए साल के जश्न में शामिल होने और बधाई देने के खिलाफ फतवा जारी किया है।

## मेरी सास जल्द ही मर जाए... ' मंदिर में दान पेटी से निकले 'नोट' पर मिली फरियाद से सभी हैरान

कलबुर्गी (आरएनएस)। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले से एक बेहद ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां के भाग्यवन्ती मंदिर की दान पेटी से निकले एक नोट ने सभी को हैरान कर दिया है। इस नोट पर एक महिला ने अपनी सास की मौत की प्रार्थना की है। मंदिर के पुजारी जब दान पेटी की गिनती कर रहे थे, तब उन्हें 20 रुपये का एक नोट मिला जिसमें हाथ से लिखा हुआ एक संदेश था। इस संदेश में महिला ने देवी से अपनी सास की मृत्यु की प्रार्थना की है। यह घटना इतनी अजीब थी कि मंदिर प्रबंधन सहित स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। यह मामला अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इस घटना को अंधविश्वास से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ इसे एक व्यक्तिगत दुख का प्रतीक मान रहे हैं। मंदिर प्रबंधन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और कहा है कि वे इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं करेंगे।




अमृतसर में किसानों ने अपने चल रहे विरोध प्रदर्शन के तहत रा%यव्यापी बंद के दौरान सड़क जाम कर दिया।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने अन्ना विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न की घटना से निपटने के तमिलनाडु सरकार के तरीके के खिलाफ नई दिल्ली में तमिलनाडु भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# 150 साल पुरानी प्रयागराज की धरोहर का दीदार कर सकेंगे महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु


महाकुंभ नगर (आरएनएस)। महाकुंभ भारत की सनातनी परंपरा का धार्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है। जनवरी 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे इस महापर्व को दिव्य और भव्य स्वरूप देने में जुटी प्रदेश की योगी सरकार इसकी परंपराओं का संरक्षण करते हुए कुंभ नगरी की सांस्कृतिक धरोहरों का भी संरक्षण कर रही है।

प्रयागराज शहर की एक धार्मिक पहचान होने के साथ ही कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ भी इसका नाम जुड़ा है। इसी के अंतर्गत आता है नगर निगम परिसर स्थित भवन, जिसके जीर्णोद्धार का कार्य प्रयागराज नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सन् 1865 के करीब संगम नगरी में बने सबसे पुराने 'ग्रेट नॉर्दर्न' होटल और बाद में नगर निगम कार्यालय में तब्दील इस 150 वर्ष से अधिक पुराने भवन का 9 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। कायाकल्प के बाद प्रयागराज वासियों समेत महाकुंभ में आने वाले पर्यटक भी यह ऐतिहासिक भवन देख सकेंगे।

नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग का कहना हैं कि यह भवन प्रयागराज की धरोहर है, इसे संरक्षित रखने की पहल नगर निगम ने की है। महाकुंभ से पहले इस भवन के जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा। अपने नए रंग रूप में यह भवन पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इस ऐतिहासिक इमारत में आजादी के पूर्व देश की आजादी में हिस्सा लेने वाले बुद्धिजीवी समाज की बैठकें होती थीं। 1930 के दशक में ब्रिटिश सरकार ने इस भवन को प्रशासनिक भवन में तब्दील कर दिया था।

प्रयागराज नगर निगम के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सलाहकार सूरज वीएस ने बताया कि दिसंबर 2020 में नगर निगम के भवन में एक कमरे की छत गिर गई थी, इसके बाद इस पूरे भवन को गिराकर नया भवन बनाने पर विचार किया गया था। डेढ़ सौ साल से अधिक पुराने भवन को गिराने से पहले पुरातत्व विभाग से राय ली गई। एएसआई, एमएनआईटी प्रयागराज और आईआईटी मुम्बई से इस भवन के विषय में परामर्श लिया गया। 2020-21 में एएसआई की रिपोर्ट आने के बाद नगर निगम की इस बिल्डिंग को धरोहर बताते हुए इसका संरक्षण करने की सलाह दी गई।

150 वर्ष पहले इस भवन का निर्माण ईको फ्रेंडली चीजों से करवाया गया था, इसलिए अब इसका कायाकल्प इन्हीं चीजों से करवाया जा रहा है।



हिंदी फिल्म इंडस्ट्री आज भले ही में एक से बढ़ कर एक खूबसूरती देखने को मिलती हो, लेकिन एक वह भी दौर था अभिनेताओं के सामने अभिनेत्रियों के नाम पर बॉलीवुड के पास सिर्फ कुछ ही नाम थे। नब्बे दशक के उस दौर में भी सोनाली बेंद्रे की खूबसूरती और उनके अभिनय ने दर्शकों को अपनी तरफ खूब आकर्षित किया। कैंसर जैसी भयानक बीमारी को मात दे चुकी सोनाली बेंद्रे आज अपने जीवन के आधे बरस पूरे कर चुकी हैं। एक जमाने में पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर भी सोनाली के प्यार में पड़ गए थे। इस खबर ने तब के समय काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

# भोजपुरी फिल्म में बंगाली अभिनेत्री दिया मुखर्जी करेंगी डेब्यू, साइन किया कॉन्ट्रैक्ट



नए साल में नया धमाल मचाने जा रही बंगाली बाला दिया मुखर्जी ने अब भोजपुरी इंडस्ट्री में कदम रख दिया है। वह बतौर अभिनेत्री धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अदाकारा दिया मुखर्जी ने वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिया है।

दिया मुखर्जी जल्द ही वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स की फिल्मों और एल्बम में नजर आने वाली हैं। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी रत्नाकर कुमार ने इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने दिया मुखर्जी की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने अभिनेत्री दिया मुखर्जी को एक्सक्लूसिव साइन किया है।

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के साथ एक्सक्लूसिव कॉन्ट्रैक्ट साइन करने पर अभिनेत्री दिया मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह खुशी की बात है कि मैं वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से जुड़ गई हूं। इस म्यूजिक कंपनी से जुड़ने के बारे में मैं अक्सर सोचा करती थी और सौभाग्य से मुझे यह अवसर मिल ही गया। इस कंपनी से जो भी प्रोजेक्ट करने का मुझे मौका मिलेगा, उसमें मैं अपना शत प्रतिशत दूंगी और अपने फैंस और ऑडियंस की उम्मीद पर हमेशा खरी उतरूंगी।

बता दें कि दिया मुखर्जी कोलकाता की रहने वाली हैं। वह सोशल मीडिया में काफी एक्टिव रहती हैं। वह पॉपुलर वीडियो क्रिएटर हैं और उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है। इंस्टाग्राम पर दिया के फॉलोअर्स की संख्या 4.3 मिलियन है।

### जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा, अगले साल 7 फरवरी को रिलीज होगी लवयापा

फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट ने आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म का टाइटल अनाउंस कर दिया है. इस फिल्म को अद्वैत चंदन ने डायरेक्ट किया है और इसका नाम है लवयापा. आने वाली ये रोमांटिक-कॉमेडी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. फिल्म की यंग और फ्रेश एनर्जी दर्शकों को खूब पसंद आएगी. फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं इन दो उभरते सितारों की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने के लिए, जो मॉडर्न रोमांटिक-कॉमेडी को एक नया अंदाज देने वाले हैं. लवयापा प्यार और उसकी उलझनों की कहानी है, जिसमें मस्ती और हंसी का तड़का है. यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खास तोहफा बनने वाली है. इस बड़े प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं

# लाल लहंगा पहन अमायरा दस्तूर ने दिलकश अदाओं से लूटी लाइमलाइट, एक्ट्रेस की हर अदाओं पर दिल हार गए फैंस


बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी मदमस्त अदाएं दिखाकर कहर बरपा रही हैं।

एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अमायरा दस्तूर ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान रेड कलर का बेहद ही स्टाइलिश सिंपल वर्क लुक में लहंगा पहना हुआ है।

एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार और हॉट नजर आ रही हैं। अमायरा दस्तूर अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने देखते हुए एक से बढ़कर एक पोज देते हुए किलर लुक्स दे रही हैं।



एक्ट्रेस की इन अदाओं को देखकर फैंस भी उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज पोस्ट करती हैं तो अक्सर इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं।

अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## सुना है मेरे पीछे बहुत सारे लोग पड़े हैं, बस मेरे..., सलमान खान की सिकंदर का धांसू टीजर रिलीज

सलमान खान अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर से ईद 2025 पर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने आ रहे हैं. मौजूदा साल में सलमान खान बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म में नहीं दिखे हैं. ऐसे में फैंस के साथ-साथ सलमान खान को भी अपनी फिल्म सिकंदर की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है. इससे पहले सलमान खान की सिकंदर का टीजर आज 28 दिसंबर को रिलीज हो गया है. सिकंदर का टीजर बीती कल 27 दिसंबर को रिलीज होना था, जो पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन के चलते टाल दिया गया था. वहीं, सिकंदर का टीजर आज सुबह 11.07 बजे से आज शाम 4.05 बजे के लिए री-शेड्यूल किया गया था, जो अब रिलीज हो चुका है. सिकंदर का टीजर सलमान खान के फैंस के बीच बवाल मचाने वाला है. 1.41 मिनट के टीजर में सलमान खान की एंट्री उनके दुश्मनों के बीच से होती है, जो ममी बनकर खड़े हैं. वहीं, एक-एक कर यह सभी गुंडे अपने गन निकाल भाईजान पर हमला करने के लिए तैयार होते हैं और तभी सलमान का वॉयस ऑवर आता है, सुना है कि मेरे पीछे बहुत सारे लोग पड़े हैं...बस मेरे मुड़ने की देर है, भाईजान के इस धांसू डायलॉग के बाद वह गुंडों की गन से ही उन्हें निपटाने लग जाते हैं. वहीं, फिल्म सिकंदर से सलमान खान ने अपना फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर किया है. वहीं, कहा जा रहा है कि सलमान खान ने अपने डायलॉग से लॉरेंस बिश्नोई कोई संकेत दिया है. बता दें, लारेंस बिश्नोई गैंग सलमान खान को जान से मारना चाहता है और एक्टर पर हमला भी करवा चुका है.

सिकंदर के डायरेक्टर एआर मुरुगदास हैं, जिन्होंने आमिर खान के साथ फिल्म गजनी बनाई थी. गजनी आमिर खान के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म है. अब यह साउथ डायरेक्टर पहली बार सलमान खान के साथ मेगा मास एक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं. फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल जैसे साउथ सिनेमा की खूबसूरत हसीनाएं नजर आएंगी. यह पहली बार है, सलमान खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी पर्दे पर नजर आएगी.

# फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देगी दस्तक, 3 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

इस साल निर्देशक पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट खूब चर्चा में रही। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार भारतीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म का खूब जलवा देखने को मिला।इस फिल्म ने कान्स का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार ग्रैंड प्रिक्स जूरी प्राइज अपने नाम किया और यह पुरस्कार जीतने वाली पायल भारत की पहली महिला निर्देशक बन गईं।अब यह फिल्म अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार है। आइए बताते हैं यह आप कब और कहां देख पाएंगे।

ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट का प्रीमियर 3 जनवरी, 2025 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। यह फिल्म पहले से अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।यह एक मलयालम फिल्म है, जिसकी कहानी 2 नर्सों (प्रभा और अनु) पर आधारित है। दोनों अपनी दोस्तों के साथ एक ट्रिप पर जाती हैं, जहां वो खुद की पहचान तलाशती हैं। उन्हें आजादी के मायने समझ आते हैं।गोल्डन ग्लोब, 2025 में भी ऑल वी इमेजिन एज लाइट को नामांकन मिला है।

स्ट्रीमिंग रिलीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक पायल कपाड़िया ने कहा, ऑल वी इमेजिन एज लाइट को आप सभी से मिले प्यार से मैं रोमांचित हूं। एक सफल नाट्य प्रदर्शन के बाद मुझे खुशी है कि अब यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखने के लिए उपलब्ध होगा। मैं अब इसे व्यापक दर्शकों के साथ साझा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

कनी कुसरुति ने फिल्म में प्रभा की भूमिका निभाई है, उन्होंने कहा, जब मैंने पटकथा पढ़ी तो मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात प्रभा की गहन आत्म-खोज और शांत परिवर्तन था। उन्होंने आगे कहा, पायल के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था। वह एक ऐसा कार्यस्थल बनाती है, जहां हर कोई आगे बढ़ सकता है, साथ ही वह ध्यान से सुनती है और हमें अपने किरदार को ध्यान से समझने में मदद करती है।

ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 30 वर्षों में कान फिल्म महोत्सव में मुख्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पहली भारतीय फिल्म के रूप में इतिहास रच दिया, जहां इसे ग्रांड प्रिक्स से सम्मानित किया गया। फिल्म को भारी प्रशंसा मिली है, जिसमें 2024 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए बीएफआई के साइट एंड साउंड पोल में शीर्ष स्थान, एशिया पैसिफिक स्क्रीन अवार्ड्स जूरी ग्रैंड पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर के लिए गोथम पुरस्कार आदि शामिल हैं। इसमें कानी कुसरुति, दिव्य प्रभा, छाया कदम, ह्रदु हारून और अज़ीस नेदुमंगद शामिल हैं, जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दमदार प्रदर्शन किया है।

### मनोज बाजपेयी ने पूरी की द फैमिली मैन की शूटिंग

फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल अभिनेता मनोज बाजपेयी ने सुपरहिट सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने एक तस्वीर शेयर कर फैंस को झलक दिखाई।

अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में शूटिंग से पर्दे के पीछे (बीटीएस) की एक तस्वीर शेयर की।

'द फैमिली मैन' में मनोज बाजपेयी के किरदार का नाम 'श्रीकांत तिवारी' रहता है, जो मध्यमवर्गीय व्यक्ति है और वह जो राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक ब्रांच थ्रेट एनालिसिस एंड सर्विलांस सेल (काल्पनिक) के लिए सीक्रेट रूप से अधिकारी के रूप में काम करता है। इस सीरीज की घोषणा जून 2018 में की गई थी। पहले सीजन की शूटिंग मुंबई, दिल्ली, केरल, जम्मू और कश्मीर के साथ ही लद्दाख में की गई थी और मई 2019 तक इसे पूरा कर लिया गया था। दूसरे सीजन की शूटिंग नवंबर 2019 में शुरू हुई थी और सितंबर 2020 में पूरी हो गई थी।

# एक्सल बार डेडलिफ्ट्स से आपकी पकड़ हो सकती है मजबूत, जानें इसे करने का तरीका

एक्सल बार डेडलिफ्ट्स एक खास एक्सरसाइज है, जो आपकी पकड़ को मजबूत बना सकती है। इस एक्सरसाइज में मोटे बार का उपयोग होता है, जिससे उंगलियों और हाथों की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।यह एक्सरसाइज न केवल हाथों की पकड़ को मजबूत बनाती है, बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों को भी ताकतवर बनाती है।आइए आज के इस लेख में एक्सल बार डेडलिफ्ट्स एक्सरसाइज से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

इस तरह की जाती है यह एक्सरसाइज



एक्सल बार डेडलिफ्ट करने के लिए सबसे पहले सही वजन चुनें, जो आपके लिए उपयुक्त हो। अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़ें।अब अपने हाथों से एक्सल बार को पकड़ें और धीरे-धीरे खड़े होते हुए इसे ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और सिर आगे की ओर झुका न हो।जब आप पूरी तरह खड़े हो जाएं, तो कुछ सेकंड रुककर फिर धीरे-धीरे वापस नीचे आएं। एक्सल बार डेडलिफ्ट करने से कई फायदे होते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे आपकी ग्रिप स्ट्रेंथ यानी पकड़ने की ताकत बढ़ती है, जो रोजमर्रा के कामों में सहायक होती है।इसके अलावा, यह एक्सरसाइज आपके कंधे, पीठ और पैरों की मांसपेशियों को भी मजबूत बना सकती है।नियमित रूप से इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से आपका शरीर संतुलित रह सकता है और चोट लगने का खतरा कम हो सकता है।

इस एक्सरसाइज के दौरान कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है, ताकि चोट लगने का खतरा न रहे। सबसे पहले, सही वजन चुनें, जो आपके शरीर के लिए उपयुक्त हो। बहुत ज्यादा या बहुत कम वजन उठाने से बचें।अपनी पीठ को सीधा रखें, ताकि रीढ़ पर अनावश्यक दबाव न पड़े और संतुलन बना रहे। अगर किसी भी प्रकार का दर्द महसूस हो, तो तुरंत रुक जाएं और डॉक्टर की सलाह लें। अगर आप एक्सरसाइज में बदलाव चाहते हैं तो सिंगल आर्म डेडलिफ्ट या स्नैच ग्रिप डेडलिफ्ट्स जैसी विविधताएं आजमाएं। ये एक्सरसाइज अलग-अलग मांसपेशियों पर काम करती हैं और नई चुनौती देती हैं।इसके अलावा, आप इन्हें स्क्वाट या बेंट ओवर रो जैसी अन्य एक्सरसाइज के साथ जोड़ सकते हैं, ताकि पूरे शरीर का विकास हो सके और कसरत में विविधता आ सके।इन बदलावों से आपकी पकड़ की ताकत भी बढ़ेगी और एक्सरसाइज का मजा भी दोगुना होगा।

# नींबू जैसा दिखने वाला नारंगी फल है कूमकूवाट, इससे बनाए जा सकते हैं ये स्वादिष्ट व्यंजन

कूमकूवाट एक छोटा और खट्टा-मीठा फल है, जो अपने अनोखे स्वाद के लिए जाना जाता है। यह विटामिन सी और फाइबर से भरपूर होता है और यह नींबू की तरह दिखता है।इसे विशेष रूप से चीनी व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है और भारतीय खान-पान में इसका उपयोग कम होता है।आज के लेख में कूमकूवाट से बनने वाले भारतीय व्यंजनों की रेसिपी जानिए, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं।



कूमकूवाट की चटनी

कूमकूवाट की चटनी बेहद स्वादिष्ट होती है, जिसमें तीखा और मीठा दोनों स्वाद होते हैं। इसे बनाने के लिए कूमकूवाट को छोटे टुकड़ों में काट लें।इसमें गुड़, नमक, लाल मिर्च पाउडर और थोड़ा-सा जीरा डालकर पकाएं। जब तक मिश्रण गाढ़ा न हो जाए, तब तक इसे धीमी आंच पर पकाते रहें।यह चटनी पराठे या रोटी के साथ खाने पर बहुत ही लाजवाब लगती है। इसके अलावा, आप इसे स्नैक्स के साथ भी परोस सकते हैं। अगर आप साधारण पुलाव से ऊब चुके हैं तो कूमकूवाट पुलाव बनाएं। इसके लिए बासमती चावल को धोकर भिगो दें। अब घी में प्याज और अदरख-लहसुन का पेस्ट भूनें और उसमें कटे हुए कूमकूवाट डालें।इसमें भिगोए हुए चावल डालकर हल्दी, नमक और गरम मसाला मिलाएं। पानी डालकर ढक्कन बंद कर दें और धीमी आंच पर पकने दें, जब तक कि चावल पूरी तरह से पक न जाएं।इस पुलाव की खुशबू आपके खाने का मजा दोगुना कर देगी।

कूमकूवाट का रायता

बूंदी का रायता तो आपने कई बार खाया होगा, लेकिन क्या आपने कभी कूमकूवाट का रायता चखा है? इसे बनाने के लिए ताजा दही लें और उसमें बारीकी से कटे हुए कूमकूवाट मिलाएं।अब इसमें थोड़ा-सा भुना जीरा पाउडर, नमक और हरी मिर्च डालें। इसे अच्छे से मिलाकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें।यह रायता किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोसा जा सकता है और ऐसे भी खाया जा सकता है। अगर आप रोजाना वही पुरानी सब्जियां खा-खा कर थक चुके हैं तो कूमकूवाट की मसालेदार सब्जी बनाकर खाएं।इसके लिए सबसे पहले तेल गर्म करें और उसमें प्याज, टमाटर और अदरख-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें, जब तक कि तेल अलग न हो जाएं।अब इसमें कटे हुए आलू और गाजर डालें। थोड़ी देर बाद इसमें कटे हुए कूमकूवाट, हल्दी, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और अन्य मसाले मिला दें।पानी डालकर ढक्कन बंद करके धीमी आंच पर पकने दें। अचार भारतीय खान-पान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे कई तरह की सब्जियों से बनाया जाता है। अगर आप नए तरीके का अचार बनाना चाहते हैं तो कूमकूवाट का उपयोग करें।इसके लिए कूमकूवाट को धोकर सुखाएं और इन्हें छोटे टुकड़ों मे काट लें। अब सरसों का तेल गर्म करें और उसमें मेथी, सौंफ और कलौंजी का तड़का लगाएं।कटे हुए कूमकूवाट और मिर्ची पाउडर को मिला दे और धूप में सुखाएं।

## शब्द सामर्थ्य -281

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती हैं, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सवेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वे | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरेला में श्रीमती गुलाब बाई श्रीपाल उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया भोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दूध बेचने का काम करती है सुबह लगभग 9 बजे उसने अपनी तीन भैंस एक पड़िया को चरने के लिये घर के पीछे छोड़ दी थी वहां पर तार फेंसिंग लगी हुयी थी सुबह लगभग 10 बजे देखा तार फेंसिंग का तार खुला हुआ था उसकी भैंसे एवं पड़िया गायब थीं, भैंसों की तलाश आसपास करने पर पता चला कि उसकी भैंसें ग्राम जुनवानी मे चर रही थीं,





## कलेक्टर ने किया सिहोरा मंझौली पाटन व शहपुरा के उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

# धान खरीदी में लापरवाही पर होगी कठोर कार्यवाही-कलेक्टर सक्सेना





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेवना ने आज धान उपार्जन की व्यरवस्थाप का जायजा लेने सिहोराए मंझौलीए पाटन व शहपुरा क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान अपर कलेक्टथर श्री नाथूराम गौडए संयुक्तर कलेक्टीर श्री पुष्पे न्द्रा अहकेए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम व उपार्जन से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने सबसे पहले सिहोरा के शिव कृपा वेयरहाउस व खरीदी केन्द्रप का निरीक्षण किया इस दौरान उन्हों ने पाया कि श्री बलराम पटेल के नॉन एफएक्यू धानए जिसे सर्वेयर ने भी पास नहीं किया है और वह बिना टेग के सरकारी बारदाने पर रखा है। साथ ही वजन भी कम है। इस पर कलेक्टिर श्री सक्सेना ने तत्का ल संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि इसके लिए जांच दल गठित करें और बारीकी से जांच करें। उन्होंने समिति प्रबंधक से कहा कि इस लापरवाही को सुधारे अन्य था अनुशासनात्मीक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंनि कहा कि गीली धान को छोड़कर उपार्जित सूखी धान के एक्सेसप्टेंस जारी हो जाये। केन्द्रि में 591 किसानों से 38529ण्60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें 34111ण्673 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है। इस केन्द्र में 57 प्रतिशत उपार्जित धान का एक्से3प्टेंसस नोट जारी किया गया है। कलेक्टर श्री सक्सेना ने मंझौली के तलाड़ स्थित सेवा सहकारी संस्था लमकना के ज्योति वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें शिवदयाल की धान रिजेक्टस व नॉन एफएक्यू पाया गया। कलेक्टउर श्री सक्से ना ने सहायक आपूर्ति नियंत्रक को कहा कि एफएक्यू? धान ही खरीदा जाये। इस पर विशेष ध्याान दिया जाये। इसके लिए निगरानी टीम नियमित तौर पर खरीदी केन्द्रू का निरीक्षण करें। पाटन तहसील के सेवा सहकारी संस्था सकरा के बनवार स्थित सेठ गोविन्द वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें उन्हों ने कहा कि एक.एक किसान की खरीदी का सत्यामपन करेंए जांच दल गठित करे और गहन जांच करें। शहपुरा तहसील के सेवा सहकारी संस्था पिपरियाकलां के बलराज वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वेयर हाउस में मिलर्स के धान है। अतरू उन्होंने संबंधित अधिकारी से कहा कि मिलर्स धान का उठाव करें तथा उपार्जित धान का भी उठाव करें। जिससे स्वीकृति पत्र जारी हो और किसानों के भुगतान न रुके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि उपार्जित धान को खुले मे न रखेंए उसकी समुचित सुरक्षा का इंतजाम करें। कलेक्टषर श्री सक्से ना ने शहपुरा तहसील के ही वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था बेलखेड़ा सहजपुर के खरीदी केन्द्र। की जांच कर उपार्जन व्यलवस्था को पारदर्शीए व्येवस्थित व उपार्जन नीति के अनुसार करने के लिए आवश्यणक निर्देश दिये।

# धर्म-सेवी डी.के.नेमा हुए सेवानिवृत्त विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल, मानस मण्डल (नेमा समाज), मानस-संकीर्तन मण्डल, माँ नर्मदा भक्त-सेवा मिशन, श्रीराम मानस- मण्डल जाबालिपुरम् आदि अनेक धार्मिक-संस्थाओं तथा सामाजिक संस्थाओं, अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में, आज सरस्वती कॉलोनी स्थित अनन्त ज्योति भवन में, आयोजित गरिमामय समारोह में 35 वर्षों से संस्कारधानी में अनवरत? घरों-घर हरे नाम संकीर्तन की अलख जगाने वाले श्रीरामचरितमानस अनुगायक कर्मनिष्ठ, धर्मसेवी, कृषि-विभाग कार्यालय में कृषि विस्तार-अधिकारी के पद कार्यरत देवेन्द्र कुमार नेमा डी.के. नेमा को उनकी 39 वर्षों की शासकीय-सेवाओं को पूर्ण-निष्ठा व ईमानदारी से पूरी करके गौरवमयी सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित सेवा सम्मान-समारोह में शाल, श्रीफल, पुष्पहारों व विविध धार्मिक सामग्री भेंटकर पुष्पहारों से सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम दरबार के पूजन से हुआ, श्री हरिनाम संकीर्तन एवं सुंदरकाण्ड पाठ के सस्वर-वाचन में एक से बढ़कर एक सुमधुर-भजनों की प्रस्तुति पर सराबोर-भक्तजन आनंदित हुए ।

कार्यक्रम में, धर्मसेवी देवेन्द्र कुमार नेमा डी.के. की धार्मिक एवं आध्यात्मिक संचेतना तथा बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने भावोद्गार प्रगट किये गए इस अवसर पर पं.वासुदेव शास्त्री, डॉ.गोविंद नेमा, संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे ,डॉ.राजेन्द्र नेमा, इं.राजेन्द्र कुमार,अरूण नेमा, योगेन्द्र दुबे ,प्रवीण नेमा, सत्यप्रकाश नामदेव, महेश प्रसाद, डॉ.संदीप नेमा, दीपक सोनी, योगेश चौधरी, रामशंकर शुक्ला, राकेश उपाध्याय,पवन साहू,आदि अनेक धर्मानुरागी जन उपस्थित रहे, कार्यक्रम का समापन भव्यआरती और महाभोग के साथ हुआ।

## गैलेक्सी मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकों के प्रयासों से बच्चे को मिली नई जिंदगी

# एचएफएनसी तकनीक से किया सीवियर निमोनिया का उपचार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गैलेक्सी मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, उखरी रोड में सीवियर निमोनिया से पीड़ित बच्चे का आधुनिक तकनीक से सफल इलाज किया गया। पन्ना से पटेल दंपति जब बच्चे को लेकर पहुँचे तो उसे तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे को साँस लेने में तकलीफ थी व फेफड़ों में ऑक्सीजन फ्लो भी पर्याप्त नहीं था। बाल रोग विशेषज्ञ एमडी पीडियाट्रिक डॉ. नंदन शर्मा व टीम ने बच्चे का इलाज किया। इस दौरान सबसे खास बात ये रही कि बच्चे को एचएफएनसी तकनीक यानी हाईफ्लो नेजल कैनुला से उपचारित किया गया। एचएफएनसी का उपयोग वहाँ किया जाता है जहाँ तीव्रता के साथ फेफड़ों तक ऑक्सीजन पहुँचाने की जरूरत होती है, इसके माध्यम से फेफड़ों के आखिरी हिस्से तक ऑक्सीजन पहुँचती है। ये वेंटिलेटर का एक विकल्प है, इसमें इन्फेक्शन की गुंजाइश भी न के बराबर रहती है। चिकित्सकों के अथक प्रयास रंग लाए व 7 दिनों के इलाज के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। पेरेंट्स ने बताया कि चिकित्सकों ने उनकी हर संभव मदद की। इससे पहले कटनी में भी उन्होंने इलाज कराया लेकिन फायदा नहीं हुआ। जब उन्होंने आर्थिक असमर्थता जाहिर की तो आयुष्मान के माध्यम से इलाज संभव हुआ। आज उनका बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है।

## वर्ष 2024 में पमरे की प्रमुख उपलब्धिया

# 181 किमी का इन्फ्रास्ट्रचर कमीशनिंग कर आधारभूत संरचनाओं का विकास एवं योजनाबद्ध तरीके से किया नेटवर्क का विस्तार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल ने कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू, माल ढुलाई, इन्फ्रास्ट्रचर कमीशनिंग, नई लाइनें बिछाने/दोहरीकरण/तिहरीकरण, स्क्रैप बिक्री और इसके साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित विभिन्न श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्ष 2024 के दौरान पश्चिम मध्य रेल की लगभग 4870 करोड़ लागत की 17 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। इसके साथ ही लोकल उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल एवं स्टेशनों पर सस्ती एवं जेनरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र संचालित किये जा रहे हैं।

वर्ष 2024 के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारतीय रेलवे पर किये गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्राप्त पुरस्कारों में लेखा एवं वित्त प्रबंधन और कार्मिक प्रबंधन शील्ड पश्चिम मध्य रेल को प्रदान की गई है। रेलवे बोर्ड स्तर की दक्षता शील्ड माननीय रेलमंत्री जी द्वारा पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी को भी व्यक्तिगत रूप से अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है द्ध

कैलेंडर वर्ष 2024 में पमरे की प्रमुख उपलब्धियां नीचे दी गई हैं ः-

1) ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू एवं माल ढुलाईः- पमरे ने वर्ष 2023 के 54 मिलियन टन की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 55 मिलियन टन की माल ढुलाई की है, और इस तरह से माल ढुलाई में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2024 के दौरान 8241 करोड़ 22 लाख रुपये का ऑर्जिनेटिंग राजस्व हासिल किया है, व्यवसाय विकास इकाइयों के ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण एवं कार्यकलापों के साथ-साथ अत?यंत प्रभावकारी नीति निर्माण से पमरे को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में काफी मदद मिली है।

2) नॉन फेयर रेवन्यू (संड्री आय)ः- पमरे ने संड्री आय के तहत वर्ष 2023 के 172 करोड़ 16 लाख रुपये की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 249 करोड़ 21 लाख रुपये का नॉन फेयर रेवन्यू हासिल किया है जो लगभग 45 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि है।

3) पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग)ः- पमरे द्वारा कोचों और वैगनों का रूटीन ओवर हॉलिंग करके अधिक से अधिक पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न किया। सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना (सीआरडब्लूएस) भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में 1368 कोचों की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 1408 कोचों का अनुरक्षण कर आउटटर्न किया। इसी प्रकार वर्कशॉप (डब्लूआरएस) कोटा कारखाना द्वारा वर्ष 2023 में 6694 वैगनों की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान 6874 वैगनों की मरम्मत करके आउटटर्न किया है।

4) इन्फ्रास्ट्रचर कमीशनिंग (नई लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण) के मामले में वर्ष 2024 के दौरान कुल 181 किलोमीटर का नवनिर्मित ट्रैक कमीशन किया गया है जिनमें कि 63 किमी. नई रेल लाइन कार्य, 61 किमी दोहरीकरण एवं 57 किमी. तिहरीकरण के कार्य शामिल हैं।

5) फुट ओवर ब्रिज (एफओबी)ः- यात्रि?यों/पैदल यात्रि?यों को आवागमन में सहूलियत हेतु स्टेशनों पर एक प्लेटफॉर्म से दुसरे प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए वर्ष 2024 के दौरान 33 एफओबी का निर्माण किया गया। 7) रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज (आरओबी/आरयूबी)ः- सड़कों पर बनी पटरियों को पार करने में जनता की सहूलियत के लिए वर्ष 2024 के दौरान 16 रोड ओवर ब्रिज एवं 44 रोड अंडर ब्रिज / सीमित ऊंचाई सबवे (एल.एच.एस.) निर्माण कराए गए।

8) समपार फाटक हटाए गएः- समपार फाटकों (लेवल क्रॉसिंग या एलसी गेट) पर लोगों की सुरक्षा चिंता का प्रमुख विषय रहा है। वर्ष 2024 के दौरान 24 समपार फाटकों को हटाया गया।

9) लिफ्ट/ एस्केलेटरः- 'सुगम्य भारत अभियान' के तहत रेल प्लेटफॉर्म पर दिव्यांगजनों, वृद्धों और बच्चों की आवाजाही को सुगम?य बनाने के लिए पमरे में रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगा रही है। वर्ष 2024 के दौरान 05 लिफ्ट और 08 एस्केलेटर लगाए गए।

10) ट्रैक रेनुवलः- पमरे में ट्रैक की क्षमता को बढ़ाने के लिए एवं सरंक्षा में वृद्धि करने के उद्देश्य से वर्ष 2024 के 450 किलोमीटर से अधिक ट्रैक का रेनुअल कार्य किया गया।

11) स्क्रैप बिक्रीः- पमरे स्क्रैप सामग्री जुटाकर और ई-नीलामी के माध्यम से इसकी बिक्री करके संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने के लिए हरसंभव प्रयास करती है। पमरे द्वारा वर्ष 2024 के दौरान 435 करोड़ 05 लाख रुपये की स्क्रैप बिक्री की गई है।

12) कैपेक्सः- वर्ष 2024 के दौरान पश्चिम मध्य रेल का कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) 10,160 करोड़ रुपये की अधिकतम उपयोगिता साबित हुई है ।

13) ''अमृत स्टेशन योजना'' के तहत, पश्चिम मध्य रेल के कुल 53 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत जबलपुर मंडल के 15 स्टेशन, भोपाल मंडल के 15 एवं कोटा मंडल के 17 स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा जबलपुर, सतना, भोपाल, बीना, कोटा एवं डकनिया तलाव रेलवे स्टेशनों के मेजर अपग्रेडेशन के कार्य भी शामिल हैं। इन स्टेशनों में कोटा मंडल के बूंदी एवं मांडलगढ़ स्टेशन का कार्य लगभग पूर्ण हो चूका है, साथ ही जबलपुर मंडल के दमोह, ब्योहारी, नरसिंहपुर, श्रीधाम, कटनी साउथ, बरगवां एवं भोपाल मंडल के गंज बासौदा स्टेशन का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है एवं जल्द से जल्द इन स्टेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# संभागायुक्त वर्मा ने की फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 31 दिसम्बीर तक की स्थिति में मतदाताओं की संख्याट में 8 हजार 449 की वृद्धि हुई है। इनमें 18 से 19 वर्ष के 5 हजार 333 युवा मतदाता भी शामिल है। यह जानकारी आज मंगलवार को संभागायुक्त् एवं रोल प्रेक्षक श्री अभय वर्मा की अध्यभक्षता में कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्तक पुनरीक्षण कार्यक्रम.2025 की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में दी गई।

बैठक में कलेक्ट2र व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सक्स्नोए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धीरेन्द्र सिंह तथा सभी निर्वाचक रजिस्ट्री्करण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्तक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर को हुए प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के समय जिले में कुल मतदाताओं की संख्याम 19 लाख 02 हजार 058 थीए जो 31 दिसम्ब र की स्थिति में बढ़कर 19 लाख 10 हजार 507 हो गई है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जहां जेंडर रेशियो 970 से बढ़कर 972 हो गया हैए वहीं जिला का ईपी रेशियो भी 67ण्33 से बढ़कर 67ण्63 हो गया है। संभागायुक्तं एवं रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने बैठक में मतदाताओं की संख्या में विधानसभावार हुई वृद्धि की जानकारी ली। उन्हों ने

## दो माह में बढ़े 8 हजार 449 मतदाता


पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्राप्तस दावे एवं आपत्तियों के निराकरण की समीक्षा भी की। बैठक में संभागायुक्तप को बताया गया कि जबलपुर जिले का ईपी रेशियो प्रदेश के औसत ईपी रेशियो 64ण्41 से 3ण्22 अधिक है। इसी प्रकार जिले का जेंडर रेशियो भी प्रदेश के औसत जेंडर रेशियो से 945 से कहीं अधिक है। जबलपुर जिला का जेंडर रेशियो 31 दिसम्बरर की स्थिति में 972 हो गया है।

बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्तप पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद से 31 दिसम्बरर तक की स्थिति में जिले के विधानसभा क्षेत्र पाटन में 1 हजार 699ए बरगी में 1 हजार 841ए जबलपुर पूर्व में 913ए जबलपुर उत्तरर में 973ए जबलपुर केंट में 808ए जबलपुर पश्चिम में 979 एवं विधानसभा क्षेत्र सिहोरा में 1 हजार 337 मतदाता बढ़े हैंए वहीं विधानसभा क्षेत्र पनागर में 97 मतदाता कम हुए हैं। इसी प्रकार प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से लेकर 31 दिसम्बरर तक की स्थिति में 18 से 19 वर्ष की आयु के युवा मतदाताओं में हुई वृद्धि में विधानसभा क्षेत्र पाटन में 1 हजार 008ए बरगी में 792ए जबलपुर पूर्व में 625ए जबलपुर उत्त र में 607ए जबलपुर केंट में 533ए जबलपुर पश्चिम में 538ए पनागर में 574 एवं विधानसभा क्षेत्र सिहोरा में 656 युवा मतदाता बढ़ गये है।

ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्तं पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत 29 अक्टूशबर को जिले के सभी मतदान केन्द्रोंप पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था तथा 28 नवम्?बर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वानेए नाम विलोपित कराने एवं नाम में संशोधन कराने आम नागरिकों से दावे.आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। प्रारूप मतदाता सूची में प्राप्तन दावे.आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बकर तक किया गया था। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्तत पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जायेगा।

**कमिश्ननर श्री वर्मा ने किया जनकल्या ण महाअभियान की प्रगति की समीक्षा**

कमिश्ननर श्री वर्मा ने आज कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में जनकल्यातण महाअभियान में प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंरने मुख्यन रूप से राजस्वा महाअभियान के घटक नामांतरणए बंटवाराए सीमांकनए नक्शां सुधारए आरओआर खसरा लिंकिंगए पीएम किसान में ई.केवायसीए फार्मर रजिस्ट्री आदि की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंभने विशेष रूप से कहा कि आम जन से जुड़े मुद्दे तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लायें। रोजाना प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंए जिससे प्रकरण लंबित नहीं होंगे। कमिश्नंर श्री वर्मा ने कहा कि राजस्वन महाअभियान शासन की एक महत्वएकांक्षी अभियान है। इसमें प्राथमिकता से कार्य करने के बार.बार निर्देश देने पर भी इस दिशा में आपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। अतरू उन्होंकने कलेक्टबर श्री सक्सेना से कहा कि काम नहीं करने वाले तथा लापरवाही करने वाले राजस्वै अधिकारियों के प्रस्तानव देंए ताकि उन पर कार्यवाही की जा सके। उन्होंलने सभी एसडीएम से कहा कि वे पटवारियों को निर्देशित करें कि पटवारी गांव में जायें और काम करें। यदि वे लापरवाही करते हैं तो उन पर अनुशासनात्मंक कार्यवाही करें। राजस्वप महाअभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही कहा कि अभियान की गंभीरता को समझें और प्रकरणों का निराकरण करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना शहपुरा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नटवारा पहुँची पुलिस को नीरज गौंड़ उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम पौंड़ी ने बताया कि रात्रि में वह तथा गांव का विजय गौंड़ उसकी मोटर सायकल से दवाई लेने शहपुरा जा रहे थे उसकी मोटर सायकल के आगे आगे गांव का गुन्नु ठाकुर भी शहपुरा काम से जा रहा था रात्रि लगभग 8-30 बजे जैसे ही गुन्नु ठाकुर की मोटर सायकल खिरकाखेड़ा मोड़ के पास पहुँची तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेड एल 1380 का चालक कार को तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये

# पुण्य सलिला मां नर्मदा के दर्शन के साथ लोगों ने किया नए वर्ष का स्वागत, भेड़ाघाट में पहुंचे लाखों पर्यटक



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में नए वर्ष के पहले दिन की शुरुआत लोगों ने पुण्य सलिला नर्मदा दर्शन के साथ की. भेड़ाघाट व धुआंधार लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा, यहां पर एक लाख से ज्यादा लोग पहुंचे और नर्मदा जी के दर्शन किए, नौका बिहार किया.

नए वर्ष के पहले दिन पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिला, भेड़घाट व धुआंधार पहुंचे पर्यटक नई उर्जा व उमंग से भरे नए संकल्पों के साथ पुण्य सलिला मां नर्मदा का आर्शीवाद लेते दिखे. लोगों का कहना था कि नए साल की शुरुआत को खास व यादगार बनाने के लिए नर्मदा नदी के किनारे से अच्छी कोई जगह नहीं है, वह भी भेड़ाघाट. धार्मिक स्थलों के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट जैसे रमणीय स्थानों का भ्रमण करना सुखद अनुभव रहा.

पर्यटकों का कहना था कि 2025 उनके लिए बहुत ही शुभ होगा क्योंकि साल के पहले दिन की शुरुआत पुण्य सलिला नर्मदा जी के दर्शन के साथ हो रही है. पर्यटकों ने यहां पर धुआंधार जलप्रपात के साथ साथ पंचवटी घाट से नौका बिहार किया. यहां पर आज एक लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे, जिनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. सीसीटीवी कैमरों के साथ साथ धुआंधार, पंचवटी व पार्किंग स्थलों पर नगर परिषद के कर्मचारी, पुलिस, होमगार्ड व एसडीआरएफ के जवान तैनात रहे.

इसके अलावा शहर के विभिन्न रेस्टोरेंट, होटल, क्लब में भी नए साल का स्वागत पूरे उमंग व उत्साह के साथ किया गया. आज सुबह से लोग परिवार के साथ पार्क सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर दिखाई दिए.



# नए साल में कड़ाके की ठंड

## अगले दो दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम, बर्फबारी से बढ़ रही ठंड

जबलपुर.नए वर्ष की पहली सुबह जोरदार ठंड रही. कई शहर कोहरे की आगोश में रहे, भोपाल, उज्जैन व शाजापुर में घना कोहरा छाया रहा, 50 मीटर तक कुछ नहीं दिखा. जबलपुर में एक किलामीटर तक विजिबिलिटी रही. नए साल के पहले माह जनवरी में 22 दिन तक शीत लहर चलने के आसार है. मौसम विभाग के अनुसार भोपाल में सुबह 9 बजे के बाद सूर्य के दर्शन हुए. सागर, बालाघाट के मलाजखंड व दमोह में 200 से 500 मीटर तक विजिबिलिटी रही. वहीं नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन में 500 से 1000 मीटर व ग्वालियर, राजगढ़, शिवपुरी, जबलपुर में 1.2 किमी की विजिबिलिटी रही. छतरपुर के नौगांव की रात सबसे ठंडी रही. यहां पारा 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. गुना में 6.5 डिग्री, सागर में 6.7 डिग्री, राजगढ़ में 7.6 डिग्री, मंडला में 7.7 डिग्री, टीकमगढ़ में 7.9 डिग्री, मलाजखंड में 8 डिग्री, रतलाम-रायसेन में 8.3 डिग्री, उमरिया में 8.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 9 डिग्री, खजुराहो-सतना में 9.4 डिग्री दर्ज किया गया.

# जुआ के फड़ पर छापा, 10 जुआडी गिरफ्तार, 1 लाख 47 हजार 550 रूपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सुरेश आर्मो का मकान वार्ड नम्बर 13 पानी टंकी के पास कुछ व्यक्ति जुआ मन्ना खेल रहे हैं, टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां 10 जुआरी ताश पत्तों पर रूपये पैसों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते मिले जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः कृष्ण कुमार साहू ,शैलेश झारिया दोनों निवासी पड़वार, सुरेन्द्र आर्मो, मजीद मंसूरी दोनों निवासी वार्ड नम्बर 13 बरेला, मोनू यादव निवासी किसानी मोहल्ला बरेला, जगदीश यादव निवासी ग्राम उदयपुर थाना बीजाडांडी जिला मण्डला, मेघराज डुमार निवासी ग्राम नोनी करेली थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, अमन बर्मन निवासी बस स्टेण्ड बरेला, राजकुमार पटैल निवासी ग्राम बल्हवारा, नंदू साहू निवासी वार्ड नम्बर 12 बरेला बताये, जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्तों की 2 गड्डियां एंव 1 लाख 47 हजार 550 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय भूमिका- जुआरियों के जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ने मे थाना प्रभारी बरेला श्री विजय कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में चौकी प्रभारी यादव कालोनी उप निरीक्षक सतीश झारिया, पुलिस लाईन के प्रधान आरक्षक सादिक अली, आरक्षक अम्बरीश, मनीष, शत्रुघन एवं थाना बरेला के उप निरीक्षक के.पी. यादव की सराहनीय भूमिका रही।

चौकी गौर अन्तर्गत द बार फ्लाई रेस्टोरेंट एवं विजयनगर स्थित पाबलो रेस्टोरेंट में बजाया जा रहा था तेज आवाज में लाउड एवं डीजे मैनेजर तथा मालिक के विरूद्ध कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज, मिक्सर मशीन , साउण्ड बाक्स , एम्पलीफायर जप्त थाना बरेला चौकी प्रभारी गौर उप निरीक्षक टेकचंद शर्मा ने बताया कि दिनांक 31-12-24 की देर रात्रि सूचना मिली कि द बार फ्लाई रेस्टोरेंट में तेज आवाज मे लाउड में गाना बजाया जा रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है सूचना पर बताये स्थान पर दबिश दी गई रेस्टोरेंट मे तेज आवाज मे लाउड में गाना बजाना पाया गया रेस्टारेंट के मैनेजर रोनित लखवानी उम्र 19 वर्ष निवासी मदनमहल प्लाट नम्बर 48 थाना गढ़ा द्वारा द बार फ्लाई रेस्टारेंट में बिना अनुमति के तेज आवाज में गाना बजाना एवं ध्वनि प्रदूषण करना पाये जाने से गाना बजाने की मिक्सर मशीन एवं साउण्ड बाक्स जप्त करते हुये रोहित लखवानी के विरूद्ध धारा 3/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

# अखाड़े में मूर्ति के साथ छेड़छाड़, बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंचे थाना







## दीवारों पर लिखा दूसरे धर्म के लोगों का प्रवेश मना

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में बाजार वार्ड पाटन स्थित अखाड़े में नाबालिग ने डम्बल सहित अन्य सामान बिखरा दिया. सुबह के वक्त जब लोग व्यायाम करने पहुंचे तो उन्होने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है, यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई. यहां तक कि बजरंग दल के कार्यकर्ता आ गए, जिन्होने घटना पर आक्रोश जताया.

इस घटना को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना में लिखित शिकायत देते हुए कहा कि आज सुबह कुछ लोगों ने खबर दी कि एक नाबालिग अखाड़े के अंदर आया और सारा सामान बिखरा कर भाग गया. यह भी आरोप लगाया है कि नाबालिग ने बजरंगबली की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ की इसके बाद अखाड़े की जमीन में गाड़ दिया. वहीं नाबालिग के बारे में यह कहा गया है कि अखाड़े के पीछे समुदाय विशेष समुदाय के लोग रहते है, उसी क्षेत्र से आए नाबालिग ने यह हरकत की है. इस घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अखाड़े के बाहर सूचना चस्पा कर दी जिसमें लिखा कि मुस्लिमों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित है. अंजाम कुछ भी हो सकता है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु कर दी, जांच में यह बात सामने आई है कि नाबालिग मानसिक रुप से विक्षिप्त है.

### मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर-** थाना रांझी में रात्रि सुमित केवट उम्र 18 वर्ष निवासी मड़ई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेलदारी करता है दिनांक 30-12-24 की शाम लगभग 5-30 बजे काम से घर वापस आया था, मड़ई स्कूल शिव मंदिर के सामने चायनीज के ठेले के पास चायनीज खा रहा था शाम लगभग 6 बजे कांचीपुरम कालोनी रांझी निवासी संगम बर्मन आकर बोला कि तु बहुत गुण्डा बन रहा है मेरे भाई से क्यों विवाद कर रहा था,

# कलेक्टर सक्सेना की अध्यक्षता में किसान संघ के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौडए उप संचालक कृषि श्री एसके निगम सहित कृषि संबद्ध विभागों के जिला अधिकारी व किसान संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने किसान संघ के सभी पदाधिकारियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि कृषि क्षेत्र में जबलपुर जिला का एक अलग पहचान हैए अतरू 2047 तक जिले में कृषि क्षेत्र के लिये उन्नति के लिये क्या.क्या आवश्यक हैए इस पर विचार करें और इस संबंध में सुझाव भी मांगे। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कहा कि किसानों के बेहतरी के लिये प्रशासन सदैव तत्पर है। बेमौसम बारिश से प्रभावित फसलों के आंकलन के लिये उन्होंने सर्वे कराने का निर्देश भी दिया। वहीं वर्तमान में चल रहे उपार्जन प्रक्रिया के तारतम्य में कहा कि उपार्जित धान की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उपार्जित धान के ट्रांसपोर्टेशन कर उन्हें वेयर हाउस में सुरक्षित रखने तथा मिलर्स द्वारा उठाव कराने को कहा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने मुख्य रूप से कहा कि किसानों का भुगतान समय पर हो जायेए वेयर हाउस या मिलर्स के कारण उनका भुगतान न रूके। उन्होंने कहा कि गीली धान को छोड़कर शेष उपार्जित धान का एक्सेप्टेंश जारी हो जाये। साथ ही कहा कि किसान अपने धान को सुखाकर विक्रय के लिये खरीदी केन्द्र में लायेंए उपार्जन की अवधि की चिंता न करेंए इसे बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किया जायेगा। किसान पदाधिकारियों ने उपार्जन केन्द्र पर तुलाई व सिलाई के राशि लेनेए कृषि कार्य में लगे मोटर पंपों के बिजली बिल ज्यादा आनेए रिंग रोड में पानी निकासी के लिये पुलिया बनानेए जैविक उत्पाद के विक्रय के लिये बाजार हाट की व्यवस्था तथा लोगों के पलायन रोकने व कृषि कार्य को प्रोत्साहन करने के संबंध में अपनी बात रखी। कलेक्टर श्री सक्सेना ने किसान पदाधिकारियों से किसानों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये

# शराब की तस्करी में लिप्त आरोपी गिरफ्तार, 86 पाव देशी शराब एवं मोटर सायकल जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना पनागर में रात्रि में पनागर बस स्टेण्ड में वाहन चेकिंग के दौरान अधारताल तरफ से पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एच 3458 आती दिखी जिसमें पीले रंग की बोरी रखी थी मोटर सायकल चालक को रोकने का इशारा करने पर और तेजी से मोटर सायकल चलाते हुये भागने लगा जिसका पीछा कर रोका गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम सत्यम झारिया उम्र 18 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर अधारताल बताया तथा उक्त बोरी में शराब होना बताया, तलाशी लेने पर बोरी के अंदर 2 कार्टून में कुल 86 पाव देशी शराब रखी मिली। उक्त शराब के संबंध में पूछताछ करने पर मोटर सायकल से प्रत्येक फेरी के 200 रूपये की दर से हेमंत पटैल निवासी कुशनेर पनागर को शराब सप्लाई करना बताया। आरोपी सत्यम झारिया के कब्जे से 86 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# सूने मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवर एवं नगदी चोरी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना मझौली में रात्रि अनिल पटैल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कंजई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इलेक्ट्रानिक तराजू सेल्स एण्ड सर्विस का काम करता है त्यागी आश्रम के सामने सब्जी मंडी मझौली में जय मां इलेक्ट्रानिक्स नाम से दुकान संचालित करता है, दिनांक 30-12-24 को दोपहर लगभग 2-30 बजे अपने मझौली स्थित मकान में ताला लगाकर परिवार सहित पेतृक गांव ग्राम कंजई चला गया था उसका भनेज सुधांशु पटैल दुकान में था दोपहर लगभग 3-50 बजे सुधांशु ने उसे फोन कर बताया कि घर का सामान फैला हुआ पड़ा है दोनो कमरों की आलमारियों का ताला टूटा है लगता है घर में चोरी हो गयी है तो वह अपनी पत्नी के साथ घर वापस आकर देखा अंदर वाले कमरे का ताला टूटा हुआ था सामान फैला पड़ा था, आलमारी का ताला टूटा हुआ था पत्नी ने सामान चैक किया आलमारी में रखी सोने की एक मोहन माला, एक रानीहार, चार अंगूठी, एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी कान के सुई धागा झाला, गले का चिक सेट तथा नगदी 50 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है।

### अकाल मृत्यु

**जबलपुर-** थाना गोहलपुर में बड़ेरिया मेट्रो अस्पताल से सूचना मिली कि रोहित रैकवार उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम कुसली थाना कटंगी का ग्राम कुसली-मुरई के बीच में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार हेतु चाचा शारदा कुमार रैकवार द्वारा भर्ती कराया गया था

# श्रध्दांजलि सभा एवं स्मृति जन्मोत्सव



जबलपुर। राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि एवं वरिष्ठ व्यंग्यशिल्पी स्व. जयप्रकाश पाण्डेय के दुखद अवसान पर आज दिनांक 2 जनवरी 2024 को जानकीरमण महाविद्यालय में संध्या 6.00 बजे व्यंग्यम् सहित जबलपुर की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित है। आज पाण्डेय जी के स्मृति जन्मोत्सव पर भी उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर उपस्थित साहित्यकार अपने विचार व्यक्त करेंगे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 31.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री तौसीफ खान, पिता- श्री कमालुद्दीन खान** ने पिन नं. 1000397228 भवन क्रमांक 4100/आर-786 ऐ का भाग , **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** कुल भूमि 544 व.फु. जिसमें निर्मित भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 4100/आर-786 ऐ का भाग , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 31.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद शफीक खान, पिता- मोहम्मद रफीक खान,** ने पिन नं. 1000396394 भवन क्रमांक 4100/854 क , **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** भूतल 630 व.फु., , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. भवन क्रमांक 4100/854 क , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/233 जबलपुर दिनांक 31.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अतुल कुमार साहू, पिता- श्री अशोक कुमार साहू,** ने मकान नं. प्लाट नं. 49 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय ( नया ) राजीव गांधी** पिन नं. 1002900917, क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/193 दिनांक 01.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती विजया ब्यौहार, पति- श्री प्रशांत ब्यौहार,** ने मकान नं. 2889/पी-24 , **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 750 व.फु., भूतल 750 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., द्वितीयतल 200 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -90, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 01.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री महेन्द्र सिंह भंडारी, पिता- स्व. श्री किशन सिंह भंडारी,** ने मकान नं. 3117, पिन नं. 1000589082 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** भूतल 864 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **आधार कार्ड, शपथपत्र, हक त्याग पत्र, खसरा ,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री किशन सिंह, पिता- स्व. श्री गोसाई सिंह, मकान नं. 3117, पिन नं. 1000589082 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999